राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति (जुलाई, 2010) – एक समीक्षा

I. दृष्टि

न्यायिक शिक्षा समयबद्ध न्याय – विलम्ब तथा बकायों में कमी को बढ़ावा देती है तथा न्याय की गुणवत्ता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देती है ।

इस संदर्भ में ''न्याय'' का अर्थ है संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आचरण।

II. मिशन

न्यायिक अकादमियों का केंद्रीय मिशन न्यायिक शिक्षा अनुसधांन तथा नीति निर्माण के द्वारा न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता में वृद्धि करना है जिससे समयबद्ध न्याय को बढ़ावा मिले। इसके लिए न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण पर भारत के 117 वें विधि आयोग के अनुसार न्यायिक अकादमियों को–

(अं) न्यायाधीशों को अपने कार्य के निष्पादन के लिए उपकरणों से सज्जित करना; तथा

(ब) उन्हे यह दृष्टि प्रदान करना कि जिस व्यवस्था में वे सेवा देते हैं उससे क्या अपेक्षित है।

न्यायपालिका की बदली हुई संवैधानिक भूमिका के संदर्भ में न्यायिक शिक्षा को न्याय निर्णयन में संवैधानिक मूल्यो के प्रयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए।

III. रणनीति

(अ) छः प्रमुख मुद्दों पर एक साझा राष्ट्रीय दृष्टि विकसित करना तथा उसका प्रसार करने में सहायक होनाः

1. न्यायिक प्रणाली की अपेक्षाये
2. आर.ओ.के.एम.एम.ए. ढॉचे (नीचे देखे) पर आधारित ''न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता''।
3. ''न्याय की संवैधानिक दृष्टि'' जो निर्णय करने में मार्गदर्शन दे।
4. न्यायलयों के ''सामाजिक प्रभाव'' को मापने के लिए ढांचा।
5. गुणवत्ता ढांचा।
6. निगरानी संकेतक।

(ब). <u>तीन प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा वितरण करना।</u>

1. न्यायधीशों को व्यक्तिगत रूप से सुदृढ़ करने के लिए (उनके गुणों मनोभावों कौशल तथा ज्ञान की वृद्धि (QASK) (''आपूर्ति की ओर'');
2. न्यायिक प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए (ऊपर देखे) (''आपूर्ति की ओर); तथा
3. राष्ट्रीय तथा सामाजिक विकास के प्रथामिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करते हुए न्याय प्रणाली के सामाजिक प्रभाव में वृद्धि करने के लिए (''मांग की ओर'')।

IV. <u>प्रभाव मूल्याकंन</u>

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के कार्यक्रमों के प्रभाव को उद्देश्यों के तीन समूहों के विरूद्ध मापा जा सकता है; पहला, समयबद्धता में वृद्धि करना; दूसरा न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि करना; तथा तीसरा, न्यायिक प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए संस्थागत परिवर्तन।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष

(भारत के माननीय मुख्य न्यायाधिपति न्यायिक अकादमी के पदेन अध्यक्ष हैं)

(समावेशन से)

क्रमांक	माननीय अध्यक्षों के नाम	से	तक
1	माननीय न्यायमूर्ति श्री एम. एन. वैंकटचिल्लैयाह	17.08.1993	24.10.1994
2	माननीय न्यायमूर्ति श्री ए. एम. अहमदी	25.10.1994	24.03.1997
3	माननीय न्यायमूर्ति श्री जे. एस. वर्मा	25.03.1997	17.01.1998
4	माननीय न्यायमूर्ति श्री एम.एम. पुंछी	18.01.1998	09.10.1998
5	माननीय न्यायमूर्ति श्री ए. एस. आनंद	10.10.1998	31.10.2001
6	माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. पी. भरूचा	01.11.2001	05.05.2002
7	माननीय न्यायमूर्ति श्री बी. एन. कृपाल	06.05.2002	07.11.2002
8	माननीय न्यायमूर्ति श्री जी. बी. पटनायक	08.11.2002	18.12.2002
9	माननीय न्यायमूर्ति श्री वी. एन. खरे	19.12.2002	01.05.2004
10	माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. राजेंद्र बाबू	02.05.2004	31.05.2004
11	माननीय न्यायमूति श्री आर. सी. लाहोटी	01.06.2004	31.10.2005
12	माननीय न्यायमूर्ति श्री वाय. के. सबरवाल	01.11.2005	13.01.2007
13	माननीय न्यायमूर्ति श्री के. जी. बालकृष्णन	14.01.2007	11.05.2010
14	माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. एच. कपाडिया	12.05.2010	आज दिनांक तक

अकादमी के निदेशक

क्रमांक	नाम	से	तक
1	माननीय न्यायमूर्ति श्री के. एन. सैकिया, (महानिदेशक)	01.05.1995	30.04.1997
2	प्रोफेसर (डॉ.) एन. आर. माधवा मेनन	30.09.2003	24.04.2006
3	प्रोफेसर (डॉ.) जी. मोहन गोपाल	13.07.2006	आज दिनांक तक

अकादमी के रजिस्ट्रार

क्रमांक	नाम	से	तक
1	श्री एच. आई. हुसैन	08.04.2000	21.04.2001
2	श्री आर.सी. मिश्र	25.09.2001	24.09.2004
3	श्री जगदीश बहेती	17.02.2005	30.06.2007
4	श्री ए. एम. सक्सेना (प्रशासन)	09.09.2008	30.03.2010
5	श्री एस. पी. श्रीवास्तव (शैक्षणिक कार्यक्रम)	22.01.2009	आज दिनांक तक

अकादमी के सदस्य.सचिव

(समावेशन से)

क्रमांक	नाम	से	तक
1	श्री एम. एस. ए. सिद्दिकी	17.08.1993	26.09.1994
2	श्री चंद्रेश भूषण	27.09.1994	27.04.1998
3	श्री भंवर सिंह	27.04.1998	26.03.1999
4	श्री लाल चंद भादू	27.03.1999	19.01.2003
5	श्री जे.सी.एस. रावत	20.01.2003	28.06.2004
6	श्री बी.एम. गुप्ता	29.06.2004	25.11.2005
7	श्री वी.के. जैन	01.12.2005	12.05.2007
8	प्रोफेसर (डॉ.) जी. मोहन गोपाल	13.05.2007	आज दिनांक तक

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में 2003–04 से हुए शैक्षणिक कार्यक्रम

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में 2003–04 से हुए शैक्षणिक कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नलिखित है। प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की संख्या में स्थायी वृद्धि कार्यक्रमों में प्रतिभागियों की संख्या में समानतरू वृद्धि के समांतर रही है।

वर्ष	शैक्षणिक वर्ष (जुलाई–जून)	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	2003–2004	03	211
2	2004–2005	12	570
3	2005–2006	27	771
4	2006–2007	42	1668
5	2007–2008	85 (समयबद्ध न्याय में विकास पर केवल इस वर्ष हेतु प्रस्तावित 85 कार्यक्रम 12 समवेत राष्ट्रीय उत्कृष्टता कार्यशालाओं सहित)	12 समवेत राष्ट्रीय कार्यशालाओं में 2595 + 876 प्रतिभागीगण कुल 3471
6	2008–2009	84 (12 अनअधिसूचित समवेत राष्ट्रीय उत्कृष्टता कार्यशालाएँ/इस वर्ष आयोजित)	2559
7	2009–2010	102	3553
8	2010–2011	93	3073

शैक्षणिक वर्ष 2010–2011 में (23 जुलाई 2010 – 15 मई 2011) राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा 93 कार्यक्रम संचालित किए गए। इस वर्ष अधिसूचित सभी कार्यक्रम यथावत पूर्ण किए गए ।

क्रं.	कार्यक्रम संख्या	कार्यक्रम दिनांक	कार्यक्रम का नाम	प्रतिभागियों की संख्या
1. न्यायाधीशों के न्यायिक गुणों, मनोभावों,कौशलों तथा ज्ञान में वृद्धि करना ।				
1. अ. अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों,कौशलों तथा ज्ञान में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला				
1	पी–333	23–25 जुलाई, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	25
2	पी–334	23–25 जुलाई, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए समय प्रबंधन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	22
3	पी–351	10–12 सितम्बर, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए तनाव प्रबंधन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	23
4	पी–361	15–17 अक्टूबर, 2010	बार (विधिज्ञ वर्ग), सरकारी एजेंसियों, वादियों तथा साक्षियों के साथ प्रभावी समन्वयन की रणनीतियों पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	27
5	पी–365	22–24 अक्टूबर, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए न्यायिक आचरण तथा नीतिशास्त्र पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	25
6	पी–374	03–05 दसम्बर, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए निर्णय लेखन तथा संचार पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	23
7	पी–386	21–23 जनवरी, 2011	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए मुख्य न्यायिक दक्षताओं में वृद्धि पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	24
8	पी–393	11–13 फरवरी, 2011	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए जिला न्यायाधीशों के लिए प्रबंधन तथा प्रशासन कौशल पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	22
9	पी–402	11–13 मार्च, 2011	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान कौशल पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	27
10	पी–411	08–10 अप्रैल, 2011	जिला न्यायाधीशों के लिए नेतृत्व कौशल पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	21
1. ब. नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम				
11	पी–338	31 जुलाई–04 अगस्त, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	21
12	पी–345	20–24 अगस्त, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	23
13	पी–362	15–19 अक्टूबर, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	21

14	पी–368	12–16 नवम्बर, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	24
15	पी–371	19–23 नवम्बर, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	27
16	पी–380	17–21दसम्बर, 2010	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	11
17	पी–387	21–25 जनवरी, 2011	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	23
18	पी–405	13–17 मई, 2011	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	21
19	पी–408	01–05 अप्रैल, 2011	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	19
20	पी–416	22–26 अप्रैल, 2011	नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	19
			1. स. नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	
21	पी–341	06–17 अगस्त, 2010	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	54
22	पी–349	03–14 सितम्बर, 2010	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	53
23	पी–357	01–12 अक्टूबर, 2010	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	57
24	पी–369	12–23 नवम्बर, 2010	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	54
25	पी–375	03–14 दिसम्बर, 2010	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	52
26	पी–383	07–18 जनवरी, 2011	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	58
27	पी–394	11–22 फरवरी, 2011	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	48
28	पी–400	04–15 मार्च, 2011	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	51
29	पी–409	01–12 अप्रैल, 2011	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	48
30	पी–420	06–17 मई, 2011	नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम	52
			1. द. राष्ट्रीय उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम	
31	पी–335	23–29 जुलाई, 2010	जीप – प्रथम भ्रमण (जे.ई.ई.पी.)	69
32	पी–403	17–23 मार्च, 2011 (आगे बढ़ा दिया 6–12 मई, 2011 को)	जीप – द्वितीय भ्रमण (जे.ई.ई.पी.)	58

2. न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना				
2. अ. न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन				
33	पी–348	03–05 सितम्बर, 2010	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	31
34	पी–354	17–19 सितम्बर, 2010	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	31
35	पी–359	08–10 अक्टूबर, 2010	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	32
36	पी–364	22–24 अक्टूबर, 2010	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	27
37	पी–377	10–12 दिसम्बर, 2010	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	26
38	पी–392	11–13 फरवरी, 2011	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	28
39	पी–401	11–13 मार्च, 2011	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	25
40	पी–410	08–10 अप्रैल, 2011	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	27
41	पी–415	22–24 अप्रैल, 2011	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	25
42	पी–422	13–15 मई, 2011	न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	27
2. ब. न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन				
43	पी–346	27–29 अगस्त, 2010	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (पूर्व क्षेत्र– कोलकाता, छत्तीसगढ, गुवाहाटी, झारखंड, पटना, उडिसा, सिक्किम)	95
44	पी–355	24–26 सितम्बर, 2010	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र – दिल्ली, पंजाब तथा हरियाणा , उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड , हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कशमीर)	81
45	पी–366	29–31 अक्टूबर, 2010	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (पश्चिम क्षेत्र – बंबई, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश)	100
46	पी–372	26–28 नवम्बर, 2010	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (दक्षिण क्षेत्र – आंध्रा प्रदेश, कर्नाटक, मद्रास, केरल)	92
47	पी–388	28–30 जनवरी, 2011	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (पूर्व क्षेत्र – कोलकाता, छततीसगढ, गुवाहाटी, झारखंड, पटना, उडिसा, सिक्किम)	84

48	पी–397	25–27 फरवरी, 2011	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र – दिल्ली, पंजाब तथा हरियाणा , उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड , हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कशमीर)	88
49	पी–406	25–27 मार्च, 2011	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (पश्चिम क्षेत्र – बंबई, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश)	93
50	पी–417	29 अप्रैल – 01 मई, 2011	न्यायनिर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रिय न्यायिक सम्मेलन (दक्षिण क्षेत्र – आंध्रा प्रदेश, कर्नाटक, मद्रास, केरल)	93
			2. स. राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक	
51	पी–350	10–12 सितम्बर, 2010	राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठकः प्रेरण कार्यक्रम, उद्देश्य, कार्यपणाली तथा परिणाम	21
52	पी–367	12–14 नवम्बर, 2010	राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठकः सतत् न्याय शिक्षा कार्यक्रमः आलोचनात्मक मूल्यांकन	19
53	पी–382	07–09 जनवरी, 2011	राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठकः राज्य न्यायिक अकादमियों के मुख्य पाठ्यक्रम	19
54	पी–396	18–20 फरवरी, 2011	राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठकः अनुसंधान कार्यक्रम	17
55	पी–407	01–03 अप्रैल, 2011	राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठकः न्यायिक शिक्षा का विकास : मुद्दे तथा चुनौतियॉ	20
			3. न्याय प्रणाली के सामाजिक प्रभाव में वृद्धि	
			3. अ. मुख्य क्षेत्रों में विधि के विकास पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	
56	पी–339	06–08 अगस्त, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए विधि, गरीबी तथा सामाजिक न्याय पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	23
57	पी–344	20–22 अगस्त, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए न्यायनिर्णयन में वैकल्पिक विवाद समाधान की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	23
58	पी–353	17–19 सितम्बर, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए भारत के संविधान के अंतर्गत मानव अधिकारों पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	23
59	पी–373	03–05 दिसम्बर, 2010	अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए समय पर न्याय दिलाने में वृद्धि पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	26
60	पी–376	10–12 दिसम्बर, 2010	वणिज्यिक तथा आर्थिक विधि में विकास पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	25

3. ब. देश के सामने खड़ी प्रमुख सामाजिक चुनौतियों से मुकाबला करने में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।				
61	पी–340	06–08 अगस्त, 2010	समानता व सामाजिक न्याय के संवैधानिक लक्ष्यों की प्राप्तिः न्यायालयों की भूमिका पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	25
62	पी–347	03–05 सितम्बर, 2010	शासन में पारदर्शिता तथा जवाबदेही को सुदृढ़ करने तथा भ्रष्टाचार निवारणः अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	24
63	पी–390	04–06 फरवरी, 2011	नागरिक अधिकारों की सुरक्षा : अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	24
64	पी–395	18–20 फरवरी, 2011	निर्धनता, सामाजिक बहिष्कार तथा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम : अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	21
65	पी–398	04–06 मार्च, 2011	आर्थिक विकास में वृद्धिः न्यायालयों की भूमिका पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि	25
3. स. न्यायनिर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम				
66	पी–336	30 जुलाई–02 अगस्त, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : किशोर न्याय सबंधी मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	25
67	पी–342	13–17 अगस्त, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : घरेलू हिंसा मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (15 अगस्त को अवकाश रहेगा)	23
68	पी–356	01–04 अक्टूबर, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : पारिवारिक विवादों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	26
69	पी–358	08–11 अक्टूबर, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : महिलाओं के विरूद्ध अत्याचारों वाले मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	26
70	पी–363	22–25 अक्टूबर, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : बहुसंख्यक वादा के न्यायनिर्णयन – एम.ए.सी.टी. मामले व परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अधीन मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	24
71	पी–379	17–20 दिसम्बर, 2010	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : सत्र मामलों तथा विशेष विधियों के अधीन मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	26
72	पी–381	07–10 जनवरी, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	24
73	पी–384	14–17 जनवरी, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : भ्रष्टाचार मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	27

74	पी–391	04–07 फरवरी, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : मेजिस्ट्रेटों के न्यायालयों में मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	26
75	पी–399	04–07 मार्च, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : अधीनस्थ न्यायालयों में वणिज्यिक तथा आर्थिक मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	25
76	पी–413	15–18 अप्रैल, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : अनुसूचित जाति तथा जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	23
77	पी–414	22–25 अप्रैल, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : सिविल मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	27
78	पी–418	06–09 मई, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : दुर्व्यापार तथा लैंगिक अपराधों से संबंधित मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	23
79	पी–421	13–16 मई, 2011	न्यायनिर्णयन प्रबंधन : संवैधानिक अधिकार तथा नागरिक स्वतंत्रता वाले मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला	25
			उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	
80	पी–337	31 जुलाई – 01 अगस्त, 2010	न्याय प्रशासन तथा उच्च न्यायालयों के अधीक्षण की शक्तिः अनुभव बांटने पर उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	31
81	पी–343	21–22 अगस्त, 2010	वणिज्यिक तथा आर्थिक विधिः वर्तमान मुद्दे तथा चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	22
82	पी–352	18–19 सितम्बर, 2010	आतंकवाद तथा राष्ट्रीय सुरक्षाः मुख्य चुनौतियाँ तथा न्यायालयों की भूमिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	25
83	पी–360	16–17 अक्टूबर, 2010	पर्यावरण तथा प्राकृतिक ससाधनों का संरक्षणः न्यायालयों की भूमिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	15
84	पी–370	20–21 नवम्बर, 2010	विधि के विकास में उच्च न्यायालयों के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन (जनवरी 2009 से आज दिनांक तक)	20
85	पी–378	18–19 दिसम्बर, 2010	निर्धनता व सामाजिक न्यायः मुख्य चुनौतियाँ तथा न्यायालयों की भूमिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	16
86	पी–385	22–23 जनवरी, 2011	अंतर्राष्ट्रीय तथा विदेशी विधिः उभरते मुद्दों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	15
87	पी–389	05–06 फरवरी, 2011	विधि के विकास में उच्चतम न्यायालय के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन (जनवरी 2009 से आज दिनांक तक)	21
88	पी–404	05–06 मार्च , 2011	शासन को सुदृढ़ करने तथा लोक प्रशासनः मुख्य चुनौतियाँ तथा न्यायालयों की भूमिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	22

89	पी–412	16–17 अप्रैल, 2011	आपराधिक न्याय प्रशासनः मुद्दे तथा चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन	15
90	पी–419	06–08 मई, 2011	उच्च न्यायालय के नव नियुक्त न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन	22
			विशेष कार्यक्रम	
91	वि.का.-1	11–15 अगस्त, 2010	भारतीय विधि में नवीनतम विकास पर श्रीलंका के न्यायधीशों हेतु न्यायिक संगोष्ठि	15
92	वि.का.-2	18–23 दिसम्बर, 2010	भारतीय विधि में नवीनतम विकास पर श्रीलंका के न्यायधीशों हेतु न्यायिक संगोष्ठि	20
93	वि.का.-3	12 मार्च, 2011	वर्षिक कैलेंडर बैठक	22
			कुल योग	3073

2010–11 के दौरान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा संचालित किए गए कार्यक्रमों की रिपोर्ट

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में परिकल्पित तथा संचालित कार्यक्रमों का उद्देश्य दक्षता में वृद्धि करना, न्याय प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालना, विलंब तथा लंबन में कमी लाने के लिए रणनीति बनाना तथा तंत्र की जवाबदेही में वृद्धि करना है।

वर्ष 2010–11 में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने 3073 लोगों की भागीदारी में तेरान्हवे कार्यक्रमों का आयोजन किया जो विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का हिस्सा थे।

इन लक्ष्यों को संदर्भ का मुख्य बिंदु मानते हुए तीन मुख्य उद्देश्यों को समाविष्ट करते हुए वर्ष 2010–2011 का शैक्षणिक कैलन्डर तैयार किया गयाः

1) न्यायाधीशों को व्यक्तिगत रूप से सुदृढ़ बनाना (उनके गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान में वृद्धि करना)

2) विलंब तथा बकाया में कमी के लिए न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना तथा प्रणाली की गुणवत्ता तथा जवाबदेही को बढ़ाना।

3) राष्ट्रीय तथा सामाजिक विकास के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करते हुए न्याय प्रणाली के सामाजिक प्रभाव में वृद्धि करना।

शैक्षणिक वर्ष 2010–11 के लिए सोलह प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें से दस ऐसे कार्यक्रम जिला न्यायलय के न्यायाधीशों पर लक्षित थे, तीन प्रकार के कार्यक्रम उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर तथा शेष दो कार्यक्रम श्रीलंका की न्यायपालिका के सदस्यों के लिए विशेष कार्यक्रम के तौर पर आयोजित किए गए तथा एक कार्यक्रम कैलण्डर बैठक की तरह आयोजित किया गया। निम्नलिखित तालिका में इस वर्ष के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की गणना की गई हैः–

कार्यक्रम का प्रकार	कार्यक्रमों की संख्या
मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान में वृद्धि	
अ) अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान में वृद्धि पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला।	10
ब) नव नियुक्त अतिरिक्त जिला नयायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम।	10
स) नव नियुक्त सिविल न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम।	10
द) राष्ट्रीय न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (जे.ई.ई.पी.)	2
न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना	
अ) न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन ।	10
ब) न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रीय न्यायिक सम्मेलन।	8
स) राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठके।	5
द) 1. न्याय प्रशासन तथा उच्च न्यायालयों के अधीक्षण की शक्ति पर उच्च न्यायालयों के न्यायाधिपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलनरू अनुभव बांटना। 1. उच्च न्यायालयों के नव नियुक्त न्यायाधिपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन।	1 1
न्याय प्रणाली के सामाजिक प्रभाव में वृद्धि करना	
अ) उच्च न्यायालयों के न्यायाधिपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन।	9
ब) मुख्य क्षेत्रों में विधि के विकास पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।	5
स) देश के सामने खड़ी प्रमुख सामाजिक चुनौतियों से मुकाबला करने में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।	5
द) न्याय निर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम।	14
विशेष कार्यक्रम	
अ) कानून के हाल के घटनाक्रमों पर श्रीलंकाई न्यायाधीशों के लिए न्यायिक संगोष्ठि (11 – 15 अगस्त, 2010)	1
ब) भारतीय विधि के हाल के घटनाक्रमों पर श्रीलंकाई न्यायाधीशों के लिए अभिविन्यास संगोष्ठि (18–22 दिसंम्बर, 2010)	1
स) वार्षिक कैलेंडर बैठक (12 मार्च, 2011)	1

पहला लक्ष्य–1 – मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान की वृद्धि

इस कार्यक्रम श्रंखला में निम्नलिखित विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट नीचे दी गई है:–

अ) मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान में वृद्धि पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला।

ब) नव नियुक्त अतिरिक्त जिला नयायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम।

स) नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम।

द) राष्ट्रीय न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (जे.ई.ई.पी.)

1. ए) मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान की वृद्धि के लिए अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला

इस विशेष शीर्ष के अंतर्गत विभिन्न विषयों के अंतर्गत दस कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अवधि तीन दिन तक विस्तारित की गई जिसमें लगभग बीस से पच्चीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम श्रेणी का उद्देश्य उन मुख्य न्यायिक कौशल की उत्कृष्टता में वृद्धि करने में सहायक होना तथा उनका विशलेषण करना था जो विभिन्न प्रकार के न्याय निर्णयन के पार जाते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न पहलुओं का समावेश था जैसे कि न्यायिक पद्धति, निर्णय तथा विनिश्चय करना, तर्क न्याय की संवैधानिक दृष्टि जो न्याय करने में मार्गदर्शन दे, तथ्यों का अभिमूल्यांकन, वैधानिक निर्वचन तथा विलेखों तथा दस्तावेजों का निर्वचन। संबंधित बुनियादी क्षेत्रों जैसे कि न्यायाधीशों के लिए न्यायिक आचरण तथा नैतिकता, न्यायालयों में विलम्ब तथा बकायों में कमी के लिए ए.डी.आर. तथा अभिवाक चर्चा का प्रभावी उपयोग, निर्णय लेखन, न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन तथा विचारण प्रक्रिया का प्रबंधन इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाविष्ट कुछ मुद्दे थे।

पी–333: न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (23–25 जुलाई 2010)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायालय तथा मामालों के प्रभावी प्रबंधन के लिए न्यायिक कौशल को सुदृढ़ करने हेतु विशिष्ट कार्यप्रणालियों को विकसित करना था। विचार–विमर्श निम्नलिखित पर केंद्रित थे –

(1) न्यायालय प्रबंधन के आधार के रूप में न्यायालय विकास योजना,
(2) मामलों के प्रबंधन की योजना के प्रतिरूप को विकसित करना,
(3) प्रकरण भार के प्रबंधन की योजना के प्रतिरूप को विकसित करना तथा
(4) समय पर न्याय दिलाने के लिए उसकी योजना तथा प्रबंधन के अंश के रूप में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा विकसित न्यायालय प्रबंधन, प्रकरण तथा प्रकरण भार प्रबंधन का दृष्टिकोण।

पी–334: समय प्रबंधन पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (23–25 जुलाई 2010)

इस कार्यशाला का उद्देश्य न्यायाधीशों को एक अवसर प्रदान करना था जिससे वे न्यायिक समय के प्रभावी प्रबंधन के लिए उनके द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले विभिन्न उपकरणों तथा तकनीकों पर अपने अनुभव बॉट सके। कार्यशाला ने समय प्रबंधन के नवीनतम दृष्टिकोणों की समीक्षा की तथा राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के समय पर न्याय दिलाने के लिए योजना तथा प्रबंधन (पी.एम.टी.जे.) के दृष्टिकोण में शामिल किए गए समय प्रबंधन की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित किया। इस कार्यशाला ने न्याय की संवैधानिक दृष्टि को हासिल करने के लिए न्यायालय की जवाबदेही को समय प्रबंधन के साथ जोड़ने पर भी कार्य किया। तीन दिवसीय सत्र के दौरान की गई चर्चाओं में समय प्रबंधन में आने वाली प्रमुख चुनौतियों, समय प्रबंधन में सबसे अच्छे अभ्यास के विभिन्न पहलुओं, तथा केरल की सूची प्रणाली पर जोर दिया गया। समय प्रबंधन, न्यायालय प्रबंधन, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रसतुतियॉ दी गई। न्यायिक घंटों के भीतर कार्य करने की आवश्यकता, प्रकरणों की ''अस्थायी लागत'' का आकलन करना, रैकिंग तथा प्राथमिकता, न्यायालय की दक्षता के मापन पर भी प्रकाश डाला गया।

पी–351: तनाव प्रबंधन पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (10–12 सितंबर 2010)

इस कार्यशाला का उद्देश्य न्यायाधीशों के मध्य तनाव के विभिन्न कारणों की पहचान करना तथा यह समझना कि विभिन्न तनाव प्रबंधन तकनीकों का उपयोग कर कैसे प्रभावी रूप से तनाव से निपटा जा सके। इस कार्यशाला का एक और उद्देश्य तनाव प्रबंधन पर राज्य न्यायिक अकादमियों के लिए कार्यक्रम तैयार करना भी था। प्रतिभागी न्यायाधीशों से विभिन्न चर्चाओं के द्वारा यह समझा गया कि तनाव का मूल कारण कार्य की ही प्रकृति और जटिलता है(व्यावसयिक तनाव)। दूसरों के लिए निर्णय लेने की प्रकृति से ही दबाव उत्पन्न होता है, अतः निर्णय लेने के लिए कार्य की गंभीरता उसे स्वाभाविक तनावपूर्ण बना देती है। क्रोध प्रबंधन तथा समय प्रबंधन पर चर्चा करने के पश्चात् प्रतिभागियों के लिए तनाव प्रबंधन की तकनीक को सविस्तार समझाया गया जिसमें श्वास तथा विम्बविधान जैसै आराम देने वाले व्यायाम शामिल थे। इन कार्यशालाओं के महत्व तथा नैदानिक मनोविज्ञानियों तथा प्रशिक्षित न्यायिक अधिकारियों की सहायता से राज्य न्यायिक अकादमियों में इनके आयोजन की तत्काल आवश्यकता पर प्रतिभागियों के बीच आम सहमति पर इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

पी–361: बार (विधिज्ञ वर्ग) सरकारी एजेंसियों, वादियों तथा साक्षियों के साथ प्रभावी समन्वयन की रणनीतियों पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (15–17 अक्टूबर 2010)

इस कार्यशाला ने न्यायाधीशों को एक फोरम प्रदान किया जिसमें वे हितधारकों का सहयोग प्राप्त करने के सबसे अच्छे अभ्यासों के बारे में चर्चा कर सके तथा ऐसे अनुभवों के प्रतिकृतीय सबकों को पहचान सके। यह महसूस किया गया कि ये जानकारियॉ न्यायाधीशों द्वारा उनकी न्यायिक कार्यप्रणाली में प्रयोग हेतु विचार में लाई जा सकती है। यह पाया गया कि समय पर न्याय दिलाने के लिए विधिज्ञ वर्ग के सदस्यों, पुलिस तथा अन्य लोगों जिनमें सम्मिलित है वादी, मीडिया तथा आम जनता सम्मिलित है, का सक्रिय सहयोग एक अनिवार्य आवश्यकता है। इनमें से प्रत्येक अपने स्वयं के लक्ष्यों के समूह, प्रोत्साहनों तथा हतोत्सहनों के साथ न्यायिक प्रणाली के कामकाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। इस पर भी प्रकाश डाला गया कि वर्तमान में न्यायालय, विधिज्ञ वर्ग तथा पुलिस के आवश्यक सहयोग के इस अभाव के कारण समय पर न्याय के प्रशासन में गंभीर बाध्यताओं का सामना कर रहे हैं। विधिज्ञ वर्ग के प्रतिनिधियों तथा पुलिस अधिकारियों से प्राप्त बहुमूल्य

जानकारी ने पीठासीन अधिकारियों के व्यक्तिगत स्तर पर न्याय के प्रशासन में विधिज्ञ वर्ग तथा पुलिस के प्रभावी योगदान तथा सहयोग में वृद्धि के लिए एक कारगर रणनीति विकसित करने तथा चुनौतियों को समझने के लिए विपुल अवसर तथा सहायता प्रदान की।

पी–365: न्यायिक आचरण तथा नैतिकता पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (22–24 अकटूबर 2010)

इस कार्यशाला ने न्यायिक आचरण तथा नीतिशास्त्र के वर्तमान मानक, जो अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के व्यवहार को न्यायालय के भीतर तथा बाहर नियंत्रित करते हैं की आलोचनात्मक समीक्षा करने के उद्देश्य पर बल दिया। प्रतिभागियों को अपने दैनिक कामकाज के दौरान जिन आशंकाओं तथा संभावी जोखिमों का सामना करना पड़ता है उनके मुख्य स्रोतों की पहचान करने की आवश्यकता थी। न्यायाधीशों के विचलित व्यवहार की जॉच तथा नियंत्रण की मोजूदा यंत्र प्रक्रियाओं की समीक्षा करने के पश्चात् प्रतिभागियों ने न्यायाधीशों के बीच नैतिक आचरण के मानकों से संसक्ति में गिरावट के मुद्दे पर कई दिलचस्प प्रतिक्रियाएँ व्यक्त की। उन्होंने उन विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला जिनका आश्रय लेकर उच्च न्यायपालिका, अधिवक्तागण, लिपिकीय कर्मचारीगण तथा वादीगण अपने स्वार्थों को सिद्ध करने के लिए कार्यप्रणाली का दुरूपयोग करते हैं। यह उल्लेखित किया गया कि विधिक शिक्षा तथा चेतना के लिए कार्यक्रयों तथा शिविरों का आयोजन करने के नाम पर न्यायाधीशों के ऊपर अत्यधिक दबाव डाला जाता है। उन्हें अधिवक्ताओं द्वारा नियमित रूप से विभिन्न प्राकार के प्रलोभन दिए जाते हैं। कदाचित उनका नाम बदनाम हो जाता है क्योंकि उनके अधीन कार्य करने वाले कर्मचारीगण अपनी न्यायिक हैसियत का उपयोग वादियों से धन ऐंठने में करते हैं।

अनुभव सम्पन्न व्यक्तियों ने निगमों की नैतिक संरचना, चिकित्सकीय नीतिशास्त्र प्रणाली तथा न्यायपालिका की भी नैतिक प्रणाली प्रस्तुत की। यह एक पार्श्विक विद्या अर्जन सत्र था जिसमें अन्य व्यवसायों की नैतिक प्रणालियों की पहचान की गई परन्तु उनके कार्यान्वयन में शैथिल्य और खालीपन था। अतः चिकित्सा व्यवसाय तथा निगमित क्षेत्र के अनुभव के आधार पर न्यायिक आचरण तथा नीतिशास्त्र का प्रतिरूप एक कार्यान्वयन प्रणाली के साथ बनाया गया। निष्कर्ष में इस बात पर सहमति हुई कि यह न्यायाधीश की जिम्मेदारी है कि वह न्यायपालिका में जनता का विश्वास पुनः स्थापित करे तथा अपने अंतर्विवेक से मार्गदर्शित हो।

पी–374: निर्णय लेखन तथा संचार पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (3–5 दिसम्बर 2010)

निर्णय लेखन तथा संचार, निर्णयन के केन्द्र बिन्दु होने के कारण इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य निर्णय लेखन तथा संचार की गुणवत्ता को परिभाषित करने तथा उसकी निगरानी करने के लिए एक योग्य ढांचे की तलाश करना था। कार्यक्रम में बेहतर निर्णय लेखन तथा संचार के लिए विशिष्ट नए उपकरणों तथा तकनीकों का प्रसार किया गया।

विनिश्चयन प्रक्रिया पर की गई चर्चा ने संज्ञानात्मक प्रक्रिया पर प्रकाश डाला जिसका प्रत्येक व्यक्ति के विनिश्चियन पर अत्यधिक प्रभाव होता है। बहस न्यायाधीशों द्वारा लिए गए निर्णयों पर भी केन्द्रित थी। कार्यशाला में तथ्यात्मक मैट्रिक्स पर निर्णय लेखन का अभ्यास कराया गया जिसके पश्चात् प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए निर्णयों का उनके सहकर्मियों द्वारा आलोचनात्मक मूल्यांकन कराया गया। यह अभ्यास उन मूल लक्षणों तथा संकेतों के संदर्भ में कराया गया था जिनका न्यायालय में निर्णय लिखते व देते समय ध्यान रखने की आवश्यकता है। संचार कौशल पर एक सत्र का आयोजन किया गया क्योंकि संचार निर्णय लेखन अभ्यास का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अलावा सत्र के अंतिम दिन मीडिया विचारण तथा उनका निर्णयन पर प्रभाव पर भी चर्चा की गई।

पी–386: मुख्य न्यायिक कौशलों में उत्कृष्टता में वृद्धि पर न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (21–23 जनवरी 2011)

इस तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य मुख्य नयायिक मूल्यों तथा कौशलों को व्यवस्थित रूप में मापने, निगरानी करने तथा उनमें वृद्धि करने के लिए तरीकों तथा साधनों की पहचान करना तथा उन पर चर्चा करना था। अधीनस्थ न्यायालयों के सामने खड़ी चुनौतियॉं, न्यायाधीशों की मुख्य क्षमताएँ तथा मुख्य न्यायिक कौशलों पर चर्चा की गई तथा इसके पश्चात् नेतृत्व पर एक प्रस्तुति दी गई। पीठासीन न्यायाधीशों ने न्यायालय प्रबंधन, प्रकरण प्रबंधन तथा विधि एवं साक्ष्य के मूल्यांकन तथा निर्णय लेखन विषय पर अपने अनुभव बॉटे। सामाजिक बदलाव लाने में न्यायाधीशों की भूमिका पर बल देते हुए न्यायाधीशों को लोक सेवक के रूप में देखते हुए तथा उनके समाज सुधार कौशल पर चर्चाएँ आयोजित की गई। इसके प्रकाश में हाथ से मैला उठाने वालों के नियोजन तथा शुष्क शौचालय निर्माण (निषेध) अधिनियम तथा उसके कार्यान्वयन पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के द्वारा मुख्य न्यायिक कौशलों की उत्कृष्टता में विभिन्न आयामों से वृद्धि की आवश्यकता पर प्रभावी दृष्टिकोण प्रदान किए गए।

पी–393: जिला न्यायाधीशों के लिए प्रबंधन तथा प्रशासन कौशल पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (11–13 फरवरी 2011)

न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों के रूप में न्यायाधीशों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे न्यायालयों का प्रबंधन करें – जो कि एक जटिल संस्था है जिसमें बहु हितधारक तथा परस्पर विरोधी हित तथा प्रोत्साहन हैं– इसके साथ साथ प्रकरण तथा कर्मचारीगण हैं। न्यायालय तथा प्रकरणों के प्रबंधन के लिए प्रत्येक राज्य में स्थानीय परिस्थितियों से सुसंगत अनोखे प्रबंधन तथा प्रशासन कौशल की आवश्यकता होती है। ऐसा अक्सर देखा जाता है कि न तो विधिक शिक्षा तथा न ही न्यायिक प्रशिक्षण के दौरान प्रबंधन कौशल भावी न्यायाधीशों को बताये जाते हैं। इस परिदृश्य में बहुत से न्यायाधीशों ने अपने अनुभवों के आधार पर स्वंय के दृष्टिकोण विकसित कर लिए हैं।

उपरोक्त चित्रण को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रचना इस उद्देश्य से की गई थी कि पूरे देश से न्यायालय प्रबंधन तथा प्रशासन पर सबसे अच्छे अभ्यास तथा अनुभव को बॉटा जा सके तथा राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की ''समय पर न्याय के लिए योजना तथा प्रबंधन'' – न्यायालय तथा प्रकरणों के प्रबंधन पर दृष्टिकोण जो इस विषय पर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों से विकसित हुआ है पर विस्तार से चर्चा की जा सके। इस कार्यशाला का अंतिम उद्देश्य पीठासीन अधिकारियों को उनके प्रबंधन तथा प्रशासन कौशल को सुदृढ़ करने के लिए मुख्य सिद्धान्तों तथा दिशा निर्देशों की पहचान कराना तथा उन्हें विकसित करना था।

कार्यशाला की शुरूआत प्रतिभागियों द्वारा प्रबंधन तथा प्रशासनिक दोनों स्तर पर जिला न्यायपालिका के सामने खड़ी मुख्य चुनौतियॉ तथा मुद्दों की पहचान करने से हुई, न्यायालय की कार्यप्रणाली पर विशेष संदर्भ के साथ प्रबंधन दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला गया। इस पर बल दिया गया कि प्रधान जिला न्यायाधीशों को नेतृत्व गुण का विकास करना चाहिए तथा सहकर्मियों को साथ लेकर चलने के कौशल को तीक्ष्ण करना चाहिए।

विभिन्न न्यायालयों के महा रजिस्ट्रारों ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुतियॉ दी कि जिन न्यायालयों का वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उन न्यायालयों ने किस प्रकार जिला न्यायालयों के प्रबंधन तथा प्रशासन के मुद्दों का सामना किया। न्यायालयों के प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया, जिसके पश्चात् राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा विकसित न्यायालय उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ढांचे (एन.एफ.सी.ई.) पर चर्चा की गई।

पी–402: वैकल्पिक विवाद समाधान कौशल पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला (11–13 मार्च 2011)

सि.प्र.सं. की धारा 89 की प्रविष्टि तथा उच्चतम न्यायालय के सेलम बार तथा एफकॉन के अवसरचनात्मक निर्णयों से उत्पन्न न्यायिक रूप से अधिकथित विस्तृत ढांचे के साथ, ए.डी.आर. सिविल मामलों में समय पर न्याय की चाह में केन्द्रीय उपकरण बन गया है। ए.डी.आर. के उपयोग के लिए क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए न्यायपालिका द्वारा पर्याप्त प्रयत्न किया जा रहा है। विशेष रूप से मध्यस्थता तथा लोक अदालत के उपयोग के लिए। तब भी सि.प्र.सं की धारा 89 की प्रविष्टि के एक दशक से भी ज्यादा समय के पश्चात् ए.डी.आर. को सिविल मामलों के शीर्ष निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए एक सारवान् प्रभाव डालना अभी शेष है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का प्रयोजन सिविल मामलों के शीर्ष निपटारे के लिये ए.डी.आर. के उपयोग में आने वाली मुख्य बाध्यताओं की पहचान करना, तथा विभिन्न देशों में इन बाध्यताओं से मुकाबला करने के लिए सबसे अच्छे अभ्यास तथा अनुभव बॉटना था। सिविल न्याय के हित में ए.डी.आर. के उपयोग में वृद्धि करने के लिए पीठासीन अधिकारियों द्वारा सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए आवश्यक कौशल की पहचान करने पर विशेष बल दिया गया। विभिन्न सत्रों में छिपी हुई बारीकियों तथा विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए तीन दिवसीय कार्यशाला का इस समझ के साथ समापन हुआ कि न्यायालयों में कार्यों में कमी लाने के लिए ए.डी.आर. का एक प्रभावशाली प्रणाली के रूप में सि.प्र.सं की धारा 89 का अवलम्ब लेते हुए उपयोग किया जा सकता है। परन्तु न्यायालयों द्वारा ए.डी.आर. के उपयुक्त साधन का चयन करने में उचित सावधानी बरती जानी चाहिए तथा सक्षम व्यक्तियों को मध्यस्थ/ समझौताकार/ पंच के रूप में कार्य करने तथा विधिज्ञ वर्ग को भी प्रशिक्षित करने के लिए उचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रचना की जानी चाहिए।

पी–411: नेतृत्व कौशल पर जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (8–10 अप्रैल 2011)

भारतीय न्यायालयों में लंबित मामलों में से कुछ 87प्रतिशत मामले जिला न्यायालयों में लंबित हैं, इन मामलों के प्रभावी न्यायनिर्णयन के लिए न्यायालयों के अनुसचिवीय कर्मचारीव्रद, विधिज्ञ वर्ग, अभियोजन, सरकारी एजेंसियों तथा वादियों के भी सक्रिय सहयोग की आवश्यकता होगी। इन न्यायालयों में मामलों के निपटारे की उच्च गुणवत्ता तथा समय पर निपटारा सुनिश्चित करने के लिए जिला न्यायाधीश के स्तर पर सक्रिय तथा दूरदृष्टि नेतृत्व की आवश्यकता है, तथा न्यायिक प्रणाली के अन्य हितधारकों को न्यायिक प्रणाली की प्रभावशीलता में वृद्धि करने के लिए अपनी सम्यक् भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। तब भी नेतृत्व प्रशिक्षण न तो विधि शिक्षा और न ही न्यायिक शिक्षा का हिस्सा है। इस

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्यायाधीशों से अपेक्षित अनूठे नेतृत्व गुण तथा कौशल की पहचान करना तथा ऐसे गुणों तथा कौशलों को प्रेरित करना तथा इनमें वृद्धि करने के लिए कार्यप्रणालियों की चर्चा करना था।

1 बी) नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम –

नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम मुख्य न्यायिक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान में वृद्धि के समूह में से दस कार्यक्रमों की श्रंखला है। पॉच दिवसीय सघन कार्यक्रम के रूप में यह अभिविन्यास श्रंखला प्रत्येक कार्यक्रम के लिए लगभग 25–30 न्यायाधीशों की प्रतिभागिता प्राप्त करती है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों को इक्कीसवीं शताब्दी में जिला न्यायपालिका के सम्मुख मुख्य राष्ट्रीय चुनौतियॉ तथा जिला न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों से अपेक्षित गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान के संबंध में चर्चा करने का अवसर प्रदान करना है। यह अभिविन्यास कार्यक्रम एक नेतृत्व कार्यक्रम के रूप में भी बनाया गया है जहॉ पर न्यायाधीशों को प्रबोधित किया जाता है कि वे आने वाले दशक में देश के सामने आने वाली समस्याओं का पूर्व से ही बोध कर लें तथा इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्य करें। न्यायिक जवाबदेही तथा न्यायिक प्रणाली में सुधार के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए प्रत्येक न्यायाधीश तथा प्रत्येक न्यायालय की ओर ध्यान देना होगा। न्यायाधीशों को न्यायिक प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए एक पंच वर्षीय योजना विकसित करनी चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की चिन्ता का मुख्य क्षेत्र प्रणाली में दृढ़ता से सुधार करना तथा उसके पश्चात् व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करना है। यह लक्ष्य है कि 2035 तक न्यायालय स्वराज न्यायालय बन जाएँगे जिनमें जवाबदेही मानक समय तथा दक्षता होगी। न्यायाधीशों के लिए योग्यता के आधार पर एक नई चयन प्रक्रिया तथा पदोन्नति होगी। एक और अधिक जवाबदेह, अधिक पेशेवर तथा प्रतिबद्ध न्यायाधीश जो संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए कार्य करता है परिकल्पित है।

2010 के लिए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज से 30 वर्ष पश्चात् अर्थात् 2040 में भारत के अधीनस्थ न्यायालयों की कल्पना करने के आसपास संरचित था तथा उन कार्यों की पहचान करना जो उस कल्पना को हासिल करने में सहायता करेंगे। पूरे वर्ष के दौरान आयोजित किए गए पॉच दिवसीय कार्यक्रमों में निम्नलिखित विषयों पर सघनता से चर्चा की गई : (1) न्यायिक प्रणाली तथा अधीनस्थ न्यायालयों के सामने आने वाली सभी चुनौतियॉ (2) एक बदलते हुए समाज में न्यायालयों के लक्ष्य, भूमिका तथा मिशन (न्याय की संवैधानिक दृष्टि). (3) प्रदर्शन के मानक तथा न्यायिक जवाबदेही. (4) न्यायिक पद्धति/ निर्णयन की उत्कृष्टता में वृद्धि करना (तर्क, तर्कसंगतता, संगति, निष्पक्षता में वृद्धि करना, मानक विधि निर्णय लेखन). (5) समय पर न्याय दिलाने के लिए न्यायालयों तथा न्याय निर्णयन की योजना तथा प्रबंधन. (6) न्यायाधीशों के लिए आवश्यक न्यायिक गुणों, कौशल तथा ज्ञान (QASK) में वृद्धि करना. (7) न्यायालय की उत्कृष्टता का राष्ट्रीय ढांचा।

शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम निम्नलिखित माहों में आयोजित किए गए थे–

क्रमांक	कार्यक्रम संख्या	दिनांक	कार्यक्रमों की संख्या
1	पी–338	31 जुलाई – 4 अगस्त, 2010	21
2	पी–345	20 – 24 अगस्त, 2010	23
3	पी–362	15 – 19 अक्टूबर, 2010	21
4	पी–368	12 – 16 नवम्बर, 2010	24
5	पी–371	19 – 23 नवम्बर, 2010	27
6	पी–380	17 – 21 दिसम्बर, 2010	11
7	पी–387	21 – 25 जनवरी, 2011	23
8	पी–405	13 – 17 मई, 2011	21
9	पी–408	01 – 05 अप्रैल, 2011	19
10	पी–416	22 – 26 अप्रैल, 2011	19

1. सी) नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम –

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीशों (कनिष्ठ खंड) को न्याय प्रणाली पर गुणवत्ता निर्धारित करने वाले महत्वपूर्ण कारकों पर जानकारी देना, इक्कीसवीं शताब्दी में जिला न्यायपालिका के सामने आने वाली मुख्य राष्ट्रीय चुनौतियॉ तथा जिला न्यायपालिका के नए सदस्यों के लिए आवश्यक गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान पर भी चर्चा करना है।

प्रतिभागियों के बीच राष्ट्रीय न्यायपालिका की भावना को बढ़ावा देने के अतिरिक्त इस कार्यक्रम का एक और मुख्य उद्देश्य भारत की न्याय प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर नवनियुक्त न्यायाधीशों का ध्यान केंद्रित करना है। व्यक्तिगत सत्रों की रचना, निर्णयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं को छेड़ने के लिए की जाती है तथा इसमें संवैधानिक लोकतंत्र में

न्यायाधीशों की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह कार्यक्रम यह अवधारणा विकसित करता है कि न्यायाधीशों द्वारा अपनाई जाने वाली 'प्रचलित न्यायिक पद्धति देश की न्याय व्यवस्था के सामने आने वाली कई चुनौतियों का एक प्रमुख कारण है। प्रचलित न्यायिक पद्धति विभिन्न कारणों से अपूर्ण है जैसे कि दयनीय विधि शिक्षा तथा न्यायाधीशों द्वारा नैतिक निर्णयों पर अत्यधिक निर्भरता। कई विधियों के संयोजन जैसे कि सामूहिक चर्चा, प्रतिरूपण अभ्यास तथा कृत्रिम परीक्षण अभ्यास के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायाधीशों को एक वैकल्पिक न्यायिक पद्धति – ''मानक विधि'' से परिचय कराना जिसका उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना है।

चर्चा के मुख्य विषय थेः (1) भारतीय न्यायिक पद्धति के सामने आने वाली चुनौतियों को समझना तथा उनकी पुनः रचना करते हुए प्रचलित न्यायिक पद्धति की खोज करना (2) अधीनस्थ न्यायालयों तथा न्यायाधीशों की भूमिका (3) भारत के संविधान की न्याय की दृष्टि की पृष्ठभूमि में न्याय की अवधारणा (4) एक वैकल्पिक न्यायिक विधि को लागू करने तथा उसे संबल प्रदान करने के लिए कानूनी अवधारणाओं को खोजना, विकसित करना तथा समझना और गुणों, मनोभावों, कौशल तथा ज्ञान (QASK) में उसके प्रयोग पर चर्चा करना (5) संगठनात्मक प्रभावशीलता (6) समय पर न्याय दिलाने के लिए योजना तथा प्रबंधन के द्वारा न्यायिक प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा व्यक्तिगत चुनौतियों का प्रबंधन करना।

वर्ष 2010–11 के लिए दस कार्यक्रम शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार आयोजित किए गए थे :–

क्रमांक	कार्यक्रम संख्या	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या
1	पी–341	06 – 17 अगस्त, 2010	54
2	पी–349	03 – 14 सितम्बर, 2010	53
3	पी–357	01 – 12 अक्टूबर, 2010	57
4	पी–369	12 – 23 नवम्बर , 2010	54
5	पी–375	03 – 14 दिसम्बर, 2010	52
6	पी–383	07 – 18 जनवरी, 2011	58
7	पी–394	11 – 22 फरवरी, 2011	48
8	पी–400	04 – 15 मार्च, 2011	51
9	पी–409	01 – 12 अप्रैल , 2011	48
10	पी–420	06 – 17 मई, 2011	52

1. डी)राष्ट्रीय न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (जे.ई.ई.पी.)

न्यायिक शिक्षा कार्यक्रमों का भागीदारों पर तथा फलतः न्यायालय की कार्यप्रणाली पर प्रभाव एक महत्वपूर्ण विषय है जिसकी अक्सर पूछताछ तथा चर्चा की जाती है। न्यायिक शिक्षा के प्रभाव को सुदृढ़ बनाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने पहली बार एक अनूठा कार्यक्रम विकसित किया जिसे ''राष्ट्रीय सघन न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (जे.ई.ई.पी.) नाम दिया गया। यह सघन कार्यक्रम उच्च न्यायालयों द्वारा विशेष रूप से पहचाने गए व्यक्तिगत जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों पर लक्षित था।

इस सात दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्णयन की गुणवत्ता के महत्वपूर्ण संकेतकों को समग्र रूप से विकसित करने में सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के लिए शैक्षिक वर्ष के दौरान एक सप्ताह के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का दो बार दौरा करना तथा शैक्षिक वर्ष के दस माह की अवधि के दौरान प्रतिभागियों से ''दूरस्थ'' संबंध स्थापित करना आवश्यक है।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने 4 प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की जहॉ पर प्रत्येक न्यायाधीशों के प्रदर्शन में सुधार की तत्काल आवश्यकता है तथा राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा प्रतिभागी न्यायाधीशों को सहायता दी जा सकती है। ये क्षेत्र हैं : निर्णयन– इस देश में प्रत्येक न्यायाधीश स्वयं शिक्षित है। हम कभी भी इस विषय की खोज या विश्लेषण नहीं करते। न्यायिक दृष्टिकोण में विविधता है। न्यायालय प्रबंधन– न्यायालय प्रबंधन के लिए संस्थागत/ वैज्ञानिक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। कानूनी ज्ञान– विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली कानूनी शिक्षा में विभिन्न पहलुओं का अभाव है। विधिज्ञ वर्ग, बेंच तथा न्यायपालिका को विधि के मूल तत्वों की जानकारी नहीं है, तथा अंग्रेजी भाषा तथा लेखन कौशल।

समाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए तथा उत्कृष्टता में वृद्धि के लिए संस्थागत बदलाव तथा सुधार लाना एक चुनौती है। साथ ही निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान में रखा गयाः इसके कार्यान्वयन में क्या व्यावहारिक कठिनाईयॉ है? उन समस्याओं को पहचानना तथा उन पर काबू पाने के लिए तरीके खोजना? कार्यान्वयन तथा बाधाएँ ? प्रत्येक न्यायाधीश की भूमिका में परिवर्तन तथा उन न्यायाधीशों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति विश्वास उत्पन्न करना जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया इसके अपेक्षित परिणाम हैं। उसके स्थापना वर्ष में लगभग सत्तर न्यायाधीशों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा उससे लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के बहुआयामी ढांचे का उद्देश्य न्यायिक उत्कृष्टता में कई मायनों में वृद्धि करना था। फॉलो अप रणनीति ने प्रतिभागियों के नियमित अनुक्रिया को सुनिश्चित किया तथा न्यायिक उत्कृष्टता से संबंधित मुद्दों में उनकी दिलचस्पी बनाए रखी।

निम्नलिखित महीनों के दौरान दोनों दौरों का आयोजन किया गयाः–

क्रमांक	कार्यक्रम संख्या	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या
1	पी–335	23 – 29 जुलाई, 2010	69
2	पी–403	06 – 12 मई, 2011	58

दूसरा लक्ष्य – न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करना

न्यायिक प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की ओर कार्य करते हुए जिला न्यायपालिका के लिए तीन प्रकार के कार्यक्रम तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए दो प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

अ) प्रधान जिला न्यायाधीशों के लिए न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरणों के प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन

ब) न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रीय न्यायिक सम्मेलन

स) राज्य न्यायिक अकादमीयों की राष्ट्रीय बैठके

द) 1) न्याय प्रशासन तथा उच्च न्यायालयों के अधीक्षण की शक्ति पर उच्च न्यायालयों के न्यायाधीपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन : अनुभव बॉटना।

2) उच्च न्यायालयों के नव नियुक्त न्यायाधिपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन।

ऊपर उल्लेखित सभी कार्यक्रमों में विचार विमर्श, अनुभवों का आदान प्रदान प्रस्तुतियों तथा स्थल के दौरों को समझाया गया।

2. ए) न्यायालय, प्रकरण भार तथा प्रकरण प्रबंधन पर प्रधान जिला न्यायाधीशों के राष्ट्रीय सम्मेलन।

शैक्षिक वर्ष के दौरान आयोजित किए गए इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य न्यायिक संस्थानों की समझ को सुदृढ़ करना, न्यायालय के विकास की योजना बनाना, न्यायालय प्रबंधन, मामलों का प्रबंधन, न्यायिक स्वतंत्रता तथा न्यायिक जवाबदेही, न्यायालयों की दक्षता तथा प्रभावशीलता का समापन, न्यायिक सूचना प्रबंधन, न्यायालयों के निपटारा की गुणवत्ता तथा मात्रा की निगरानी, न्यायिक प्रशासन में सूचना प्रोद्यौगिकी का उपयोग आदि था। इसके द्वारा देश के प्रधान जिला न्यायाधीशों को एक अनोखा फोरम प्रदान किया गया जहॉ पर वे विलम्ब तथा बकायों में कमी लाने की चुनौती तथा न्याय की गुणवत्ता तथा जवाबदेही में वृद्धि करने के लिए अपने ज्ञान तथा अनुभवों को बॉट सके। ये चर्चाऍ राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा समय पर न्याय दिलाने के लिए (टी.टी.टी.जे.) तकनीक तथा उपकरणों तथा समय पर न्याय दिलाने के लिए योजना तथा प्रबंधन (पी.एम.टी.जे.) पर पिछले तीन वर्षों में किए गए व्यापक कार्यों (राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय सम्मेलनों को सम्मिलित करके) पर आधारित थी।

वर्ष 2010–11 के दौरान आयोजित किए गए दस सम्मेलनों में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के न्यायालयों के व्यवस्थित विकास से संबंधित दृष्टिकोण जिसमें छः कारक शामिल थे, पर चर्चा की गई। इनमें शामिल हैं– भूमिका, संगठन, ज्ञान, पद्धति, प्रबंधन तथा पहुँच (आर.ओ.के.एम.एम.ए.) जिनके द्वारा अनुबद्ध प्रदर्शन लक्ष्यों को निम्नलिखित उपकरणों का उपयोग करके हासिल किया जा सकेः न्यायालय–वार पंचवर्षीय योजनाएँ (तीन वर्ष/ दो वर्ष/ एक वर्षीय कार्यवाही योजनाओं सहित पंच वर्षीय योजनाएँ)। लगभग पच्चीस–तीस न्यायाधीशों द्वारा इसमें भाग लिया गया जिनमें से कुछ न्यायाधीशों ने न्यायालय तथा प्रकरणों के प्रबंधन की तकनीकों के क्रमिक कार्यान्वयन की शुरूआत की है जैसा कि कार्यक्रम में चर्चा की गई थी।

किसी दिए गए एक सत्र के लिए कार्यक्रमों के दिनांक तथा प्रतिभागियों की निश्चित संख्या नीचे सूचीबद्ध की गई है।

क्रमांक	कार्यक्रम संख्या	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या
1	पी–348	03 – 05 सितम्बर, 2010	31
2	पी–354	17 – 19 सितम्बर, 2010	31
3	पी–359	08 – 10 अक्टूबर, 2010	32
4	पी–364	22 – 24 अक्टूबर, 2010	27
5	पी–377	10 – 12 दिसम्बर, 2010	26
6	पी–392	11 – 13 फरवरी, 2011	28
7	पी–401	11 – 13 मार्च, 2011	25
8	पी–410	08 – 10 अप्रैल, 2011	27
9	पी–415	22 – 24 अप्रैल, 2011	25
10	पी–422	13 – 15 मई, 2011	27

2. बी) न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि पर क्षेत्रीय न्यायिक सम्मेलन –

क्षेत्रीय न्यायिक सम्मेलन विलम्ब तथा बकायों में कमी तथा न्याय की गुणवत्ता तथा जवाबदेही में वृद्धि पर अपने ज्ञान तथा अनुभव को बॉटने तथा आम चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र से न्यायाधीशों को एक साथ लाते हैं। चयनित प्रतिभागियों से किसी विशेष वर्ष के क्षेत्रीय सम्मेलन के विशिष्ट विषय पर प्रस्तुतियॉ देने के लिए आग्रह किया जाता है। देश का विस्तार चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया है– उत्तर, पूर्व, पश्चिम तथा दक्षिण। यह लक्ष्य निर्धारित किया जाता है कि किसी विशेष क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष में दो क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया जाए। राज्यों के उच्च न्यायालय तथा राज्य न्यायिक आकदमियॉ इन सम्मेलनों को आयोजित करवाने में मददगार होते हैं।

वर्ष 2010–11 के आठ क्षेत्रीय सम्मेलनों का विषय न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि करना था। विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभागियों की संख्या लगभग 80–100 के बीच थी। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य न्यायाधीशों के बीच न्यायालय उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ढांचे का परिचय देना तथा उन्हें इस ढांचे के अनुसार न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि की जरूरत से अवगत कराना है। गुणवत्ता ढांचे में शामिल चार मापदंडों (PAVE) पर प्रतिभागियों के लिए निम्नलिखित तरीके से प्रकाश डाला गयाः

1) न्यायालयों पर जनता का भरोसा तथा विश्वास।
2) न्याय तक पहुॅच।
3) केंद्रीय न्यायिक मूल्यों के प्रति निष्ठा तथा,
4) न्यायालयों की प्रभावकारिता, दक्षता तथा गतिशीलता में वृद्धि।

न्याय निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि तथा गुणवत्ता तथा जवाबदेही का मापन करने वाले संकेतकों पर न्यायपालिका के सामने खड़ी हुई मुख्य चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। न्यायालयों में न्याय निर्णयन की गुणवत्ता से सुदृढ़ता लाने की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया। न्यायालयों में निर्णयन की गुणवत्ता में वृद्धि तथा उसके आकलन के मुद्दे पर प्रख्यात अनुभव सम्पन्न व्यक्तियों ने अपने दृष्टिकोण बॉटे। अगसत 2010 से अप्रैल 2012 के बीच निम्नलिखित स्थलों में क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

क्रमांक	कार्यक्रम संख्या	दिनांक तथा स्थल	प्रतिभागियों की संख्या
	पूर्व क्षेत्र		
1	पी–346	27 – 29 अगस्त, 2010, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	95
2	पी–388	28 – 30 जनवरी, 2011 कटक, उडिसा	84
	उत्तर क्षेत्र		
3	पी–355	24 – 26 सितम्बर, 2010 चंडीगढ, पंजाब	81
4	पी–397	25 – 27 फरवरी, 2011 जम्मू, जम्मू और कश्मीर	88
	पश्चिम क्षेत्र		
5	पी–366	29 – 31 अक्टूबर, 2010, उत्थान, महाराष्ट्र	100
6	पी–406	25 – 27 मार्च, 2011, जयपुर, राजस्थान	93
	दक्षिण क्षेत्र		
7	पी–372	26 – 28 नवम्बर, 2010 हैदराबाद, आंध्र प्रदेश	92
8	पी–417	29 अप्रैल – 1 मई, 2011 बंगलौर, कर्नाटक	93

2 सी) राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठके

राज्य न्यायिक अकादमियों की बैठके राज्य न्यायिक अकादमियों के बीच तथा राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के साथ न्यायिक शिक्षा में सामान्य हित के मुद्दों पर तथा इन चर्चाओं के आधार पर न्यायिक शिक्षा के लिए नए कार्यक्रमों को विकसित करने के मुद्दों पर अपने ज्ञान, विचारों तथा अनुभवों के विनिमय को सुगम बनाती हैं। वर्ष 2010–11 में विभिन्न विषयों तथा मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पॉच ऐसी बैठकों का आयोजन किया गया।

पी–350: राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक : प्रेरण कार्यक्रम : उद्देश्य, कार्यप्रणाली और परिणाम, (10–12 सितम्बर, 2010)

राज्य न्यायिक अकादमियों की यह बैठक राज्य न्यायिक अकादमियों में आयोजित किए जाने वाले प्रेरण कार्यक्रमों की समीक्षा पर केंद्रित थी। इस बैठक ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमियों को नव नियुक्त न्यायाधीशों के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने में आने वाली बड़ी चुनौतियों के बारे में चर्चा करने तथा अपने अनुभवों को बॉटने का अवसर प्रदान किया।

देश की तीन न्यायिक अकादमियों से अनुभव सम्पन्न व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया एल.बी.एस. राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी, एस.वी.पी. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद तथा भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून।

ऊपर उल्लिखित तीनों अकादमियों के प्रतिनिधियों ने अपनी–अपनी अकादमियों में नवागंतुको के लिए आयोजित किए जाने वाले प्रेरण कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण दिया। इन प्रस्तुतियों ने राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रेरण कार्यक्रमों का विश्लेषण तथा समीक्षा करने के लिए संदर्भ बिंदु प्रदान किए। इस बैठक के अंतिम दो सत्रों का उपयोग वित्त आयोग द्वारा राज्य न्यायिक अकादमियों को आबंटित किए गए बजट के उपयोग पर चर्चा करने के लिए किया गया।

पी–367: राज्य अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक : सतत न्यायिक शिक्षा कार्यक्रम : आलोचनात्मक मूल्यांकन (12–14 नवम्बर 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमियों की दूसरी बैठक का उद्देश्य न्यायिक शिक्षा के लक्ष्यों तथा इस शिक्षा को प्रभावशील, व्यवस्थित तथा सतत् बनाने के लिए राज्य न्यायिक अकादमियों की भूमिका की पहचान करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधीनस्थ न्यायालयों के सामने खड़े विभिन्न मुद्दों तथा चुनौतियॉ, न्यायिक शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, देश में

न्यायिक शिक्षा के सामने खड़ी चुनौतियों की पहचान करना तथा अपने पुनः चर्चा कार्यक्रमों में न्यायिक शिक्षा में वृद्धि के लिए राज्य न्यायिक अकादमियों के लिए एक रणनीति विकसित करना।

इस बैठक में देश के 16 विभिन्न राज्यों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर चर्चा की गई तथा अधीनस्थ न्यायालयों के सामने खड़ी समस्त चुनौतियों की पहचान की गई। न्यायपालिका तथा गरीबों के बीच के संबंध में बदलाव की व्यापक चुनौती की पहचान की गई। न्यायिक शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, लक्ष्यों तथा प्रणाली संबंधी मुद्दों पर प्रस्तुति दी गई। भारत में न्यायिक शिक्षा के सामने खड़ी प्रमुख चुनौतियों तथा अकादमियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा अवधारित न्यायिक शिक्षा के लिए प्रस्तावित दृष्टिकोण तथा विभिन्न राज्य न्यायिक अकादमियों के पुनः चर्चा कार्यक्रमों के संदर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति चर्चा के लिए प्रस्तुत की गई। सभा ने न्यायालय उत्कृष्टता के दस सूत्रीय ढाचें से निकटता पर सहमति व्यक्त की। प्रतिभागियों ने तय किया कि निर्णयन के नए सिद्धांत के साथ परिणाम/प्रभााव आधारित न्यायिक शिक्षा की आवश्यकता है। हजारों की संख्या में न्यायाधीश यह निर्णय करें कि कानून क्या है इसके बदले वास्तव में सम्पूर्ण विरादरी के लिए यह जानने की आवश्यकता थी कि संस्थागत सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए सटीक कानून क्या है। वस्तुगत गुणात्मक प्रदर्शन सूचक की आवश्यकता भी गिनाई गई।

पी–382: राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक : राज्य न्यायिक अकादमियों के मुख्य पाठ्यक्रम (7–9 जनवरी, 2011)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य न्यायिक अकादमियों के वर्तमान प्रेरण कार्यक्रमों की समीक्षा तथा समालोचना करने के पश्चात् राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रेरण कार्यक्रमों के मुख्य पाठ्यक्रम के लिए एक ढांचा तैयार करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेरण कार्यक्रमों के लक्ष्य तथा उद्देश्य की पहचान करना तथा इस शिक्षा को प्रभावकारी और व्यस्थित बनाने के लिए राज्य न्यायिक अकादमियों की भूमिका की पहचान करना जिसके फलस्वरूप न्याय की उत्कृष्टता में वृद्धि के लिए पद्धतियॉ विकसित हों।

बैठक की शुरूआत राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रेरण कार्यक्रमों के मुख्य पाठ्यक्रम के अर्थ और उद्देश्य की व्यापक दृष्टि पर पुनः विचार करने के साथ हुई तथा मुख्य पाठ्यक्रम किससे गठित होता है इस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। विभिन्न राज्य न्यायिक अकादमियों के वर्तमान पाठ्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा वर्तमान पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा विकसित किए गए प्रेरण कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम का अवधारित ढांचा प्रस्तुत किया गया।

राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रेरण कार्यक्रमों के लिए एक मुख्य पाठ्यक्रम तैयार किया गया जहॉ पर यह

निश्चित किया गया कि प्रेरण कार्यक्रम के तीन व्यापक चरणों में मुख्य पाठ्यक्रम को पूरा किया जाएगा। (1) किसी व्यक्ति को सूचित करना तथा उसे संविधानवादी में परिवर्तित करना। (2) किसी व्यक्ति में एक लोक सेवक का सृजन कराना। (3) किसी व्यक्ति में एक समाज सुधारक का सृजन करना।

राष्ट्रीय मुख्य पाठ्यक्रम को लागू करने के लिए कार्यपद्धति तथा संसाधन की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय मुख्य पाठ्यक्रम में एक प्रस्तावित समय सीमा भी जोड़ी गई। सत्र में यह निष्कर्ष निकाला गया की अकादमियों को मूल्य आधारित शिक्षा लागू करके न्यायिक प्रणाली में बदलावों को उत्प्रेरित करना है।

पी–396: राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक : अनुसंधान कार्यक्रम (18 – 20 फरवरी, 2011)

राज्य न्यायिक अकादमियों की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एक आम राष्ट्रीय अनुसधान एजेंडा की पहचान करना था, जो कि ऐसी उपयोगी जानकारी उत्पन्न करेगा जो न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। इस बैठक का उद्देश्य चल रहे अनुसंधान कार्यक्रमों पर अपने अनुभव बॉटना तथा इसके साथ अन्य देशों में न्याय प्रणालियों में लिए किये गए अनुसधांन के क्षेत्र में विकास का जायजा लेना।

उपरोक्त के अलावा अनुभवजन्य कानूनी अनुसंधान पर एक प्रस्तुति दी गई। राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रतिभागियों के बीच न्यायिक प्रणाली के सामने खड़ी हुई चुनौतियों तथा वित्त आयोग की निधियों का उपयोग करते हुए राज्य न्यायिक अकादमियों के अनुसंधान की भूमिका पर खुली चर्चा की गई।

पी–407: राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय बैठक : न्यायिक शिक्षा का विकास : मुद्दे तथा चुनौतियॉ (1–3 अप्रैल, 2011)

वर्ष 2010–2011 के लिए राज्य न्यायिक अकादमियों की अंतिम राष्ट्रीय बैठक होने के कारण इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी तथा राज्य न्यायिक अकादमियों द्वारा प्रेरण शिक्षा, सतत न्यायिक शिक्षा तथा अनुसंधान/ नीति निर्माण को सुदृढ़ करने के लिए किए गए विभिन्न उपायों का जायजा लेना था। बैठक में न्यायिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विशिष्ट उपायों पर चर्चा तथा सहमति प्रकट की गई। प्रारंभ में न्यायिक प्रणाली के सामने खड़ी चुनौतियों तथा न्यायालयों और गरीब तबके के लोगों के बीच के संबंध को परिवर्तित करने की आवश्यकता पर चर्चा की

गई। इसके बाद वर्तमान वर्ष की गतिविधियों तथा न्यायालय के सामने खड़ी हुई मुख्य चुनौतियॉ तथा मुद्दे जिनमें राज्य न्यायिक अकादमियों के सामने खड़ी चुनौतियॉ शामिल हैं पर संक्षिप्त तौर पर दुबारा नजर डाली गई। 13 वें वित्त आयेग की नई रिपोर्ट तथा राज्य न्यायिक अकादमियों और न्यायिक शिक्षा के लिए निधियों के आंवटन पर चर्चा की गई। न्यायिक शिक्षा के लिए आम राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। अन्य पहलू जिन्हें चर्चा में शामिल किया गया, वे थे न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता में वृद्धि की आवश्यकता की पहचान करना, तथा यह कि राज्य न्यायिक अकादमियों को भी बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए तथा न्यायिक शिक्षा के विकास में वृद्धि करने के लिए सहायता देनी चाहिए।

प्रस्तावित नया दृष्टिकोण– न्यायालय उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (सी.ई.ई.पी.) प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विकास की योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। सभा ने न्यायालय व्यक्त की। प्रतिभागियों ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि अकादमियों के पास न्यायालयों को समझने की स्पष्टता पर सही दृष्टि होनी चाहिए, न्यायपालिका तथा न्यायिक शिक्षा पर सही दृष्टि तथा यह समझना कि न्यायपालिका की पारंपरिक भूमिका में बदलाव होना चाहिए । अतः अकादमियों में गैर न्यायिक प्रमुख की आवश्यकता क्योंकि न्यायपालिका स्वतः ही आत्म आलोचक नहीं हो सकती। इन अकादमियों में विधि की शिक्षा नहीं दी जानी चाहिए परन्तु न्याय के साधन के रूप में समझा जाना चाहिए। सत्र का समापन इस आम राय के साथ हुआ कि अकादमियों को न्यायिक प्रशासन में परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना चाहिए।

तीसरा लक्ष्य – न्याय प्रणाली के सामाजिक प्रभाव में वृद्धि करना।

अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों पर लक्षित तीन संगोष्ठियों के समूह तथा उच्च न्यायालयों पर लक्षित एक संगोष्ठि के साथ इस कार्यक्रम प्रकार का उद्देश्य ''गरीबी ओर अज्ञानता तथा रोग ओर अवसर की असमानता को खत्म करने के लिए'' न्यायालयों की भूमिका पर ज्ञान तथा अनुभवों को बॉटना सुगम बनाना था। कार्यक्रमों के इन समूहों का उद्देश्य इस संबंध में एक साझा राष्ट्रीय दृष्टि का विकास करना, तथा न्यायालयों की भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों को शामिल करते हुए– न्यायाधीशों के द्वारा जो विशिष्ट कदम उठाए जा सकते हैं उनकी पहचान करना था।

इस शीर्ष के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रमों की सूची नीचे दी गई है तथा उनका विवरण उसके नीचे दिया गया है :

अ) प्रमुख क्षेत्रों में विधि के विकास पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।

ब) देश के सामने खड़ी मुख्य सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करने में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।

स) न्यायनिर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम।

द) उच्च न्यायालयों के न्यायाधिपतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन।

3 ए) प्रमुख क्षेत्रों में विधि के विकास पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि।

इस शीर्षक के अंतर्गत तैयार किया गया पॉच कार्यक्रमों का समूह देश के अधीनस्थ न्यायालयों से न्यायाधीशों को विधिक विकास के नए क्षेत्रों तथा न्यायिक प्रणाली के सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए साथ लायां। पॉच महीनों की अवधि के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रम विभिन्न विषयों पर आधारित थे जैसे कि विधि, निर्धनता तथा सामाजिक न्याय; न्याय निर्णयन में वैकल्पिक विवाद समाधान की भूमिका; भारत के संविधान के अतंर्गत मानव अधिकार ; वाणिज्यिक ओर आर्थिक कानून के हाल के घटनाक्रम तथा समय पर न्याय को बढ़ावा देना।

पी–339: विधि, निर्धनता तथा सामाजिक न्याय पर अधीनस्थ न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि (6–8 अगस्त, 2010)

गरीबी तथा सामाजिक न्याय पर उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों का योगदान बेहतर पहचाना जाता है – इस संबंध में अधीनस्थ न्यायालयों की क्या भूमिका है? उनका क्या योगदान रहा है? उनके योगदान को बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है? ''गरीबी तथा अज्ञानता और रोग तथा अवसर की असमानता को खत्म करने'' में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर ज्ञान तथा अनुभव बॉटना; इस संबंध में एक साझा राष्ट्रीय दृष्टि निर्मित करना; तथा न्यायाधीशों द्वारा उठाए जा सकने वाले विशेष कदमों की पहचान करना– विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कार्य द्वारा को शामिल करके– न्यायालयों की भूमिका को सुदृढ़ बनाना इस संगोष्ठि का मुख्य उद्देश्य था।

अगस्त माह में आयोजित की गई संगोष्ठि, जिसमें पूरे देश से लगभग 30 न्यायाधीशों ने भाग लिया में गरीबी तथा सामाजिक बहिस्कार की चुनौती से मुकाबला करने में न्यायालयों की भूमिका पर चर्चा की गई।

प्रतिभागियों के समक्ष सामाजिक न्याय विषय के विभिन्न पहलू प्रस्तुत किए गए; प्रतिभागी न्यायाधीशों के साथ विभिन्न मानव अधिकार मुद्दों से संपुटित प्रतिरूपण अभ्यास ने सत्र को अधिक गहन बना दिया।

पी–344: न्याय निर्णयन में वैकल्पिक विवाद समाधान की भूमिका पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि, (20–22 अगस्त, 2010)

भारतीय न्यायालयों के सामने खड़ी विलम्ब और बकायों की चुनौती का सामना करने तथा देश के लोगों को विवाद निपटान के सस्ते ओर सुलभ साधन प्रदान करने के लिए उच्च न्यायालयों ने ए.डी.आर. की एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में पहचान की है यद्यपि ए.डी.आर. अभी तक पूरे देश में महत्वपूर्ण तरीके से आगे नहीं बढ़ा हैं। कुछ उच्च न्यायालयों ने मध्यस्थता, लोक अदालत तथा अभिवाक चर्चा के उपयोग में हाल ही में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस कार्यक्रम के दौरान जिन प्रश्नों को खोजा गया वे हैं– 1). इस संबंध में पूरे देश के न्यायालयों के अनुभव के सबकों से क्या सीखा जा सकता है ? 2). न्याय प्रशासन में ए.डी.आर. किस प्रकार से और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है ?

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 89 लागू करने तथा इससे संबंधित न्याय के मुद्दों पर प्रस्तुति दी गई। उच्च न्यायालय के नामित न्यायाधीशों ने प्रतिभागियों से अपने सबसे अच्छे अभ्यास अनुभव बॉटे। उन्होंने विशिष्ट प्रकार के विवादों के संबध में ए.डी.आर. के उपयोग पर भी चर्चा की जैसेः आर्थिक, वाणिज्यिक, भूमि तथा वैवाहिक मुद्दे ।ए.डी.आर. : अधीनस्थ न्यायालयों के लिए मुख्य मुद्दे तथा चुनौतियॉ, चर्च्रा का महत्वपूर्ण क्षेत्र था। राष्ट्रीय योजनाओं तथा पहल पर भी चर्चा की गई। उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ न्यायाधीशों के अनुभवों ने इस बात पर जोर दिया की ए.डी.आर. लबंन तथा बिलम्ब में कमी लाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। संगोष्ठी का समापन इस समझ के साथ किया गया की सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 89 का अवलम्ब लेकर ए.डी.आर. का एक प्रभावशाली प्रणाली के रूप में उपयोग किया जा सकता है लेकिन ए.डी.आर. के उपयुक्त साधन के चुनाव में न्यायाालयों द्वारा उचित सावधानी बरती जानी चाहिए तथा सक्षम व्यक्तियों को मध्यस्थ/समझौताकार/पंच की तरह कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए उचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रचना की जानी चाहिए।

पी–353: भारत के संविधान के अंतर्गत मानव अधिकारों पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी, (17–19 सितम्बर, 2010)

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए एक मानक के रूप में अधिकार संरक्षण सूचकांक पर अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायाधीशों तथा लोगों के मानव अधिकारों के संरक्षण में उनकी भूमिका के लिए संवेदनशील बनाना था। प्रतिभागियों के लिए मानव अधिकार तथा भारत के संविधान का मुद्दा गिनाया

गया। आपराधिक न्याय प्रणाली के अंतर्गत मानव अधिकार पर चर्चा की गई तथा इस क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियॉं और इन चुनौतियों का हल निकालने के लिए किस प्रकार से रणनीतिक हस्तक्षेप किया जाए समझाया गया। आंतकवाद तथा विशेष कानूनों के मुद्दों पर प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागी न्यायाधीशें को पर्यावरण और आजीविका के अधिकार से परिचित कराया गया । समाज में दलितों तथा हाशिए में रहने वाले लोगों के मानव अधिकारों को लागू करने में न्यायालयों की भूमिका पर जोर दिया गया।

पी–373: समयबद्ध न्याय को बढ़ावा देने पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि, (3–5 सितम्बर, 2010)

इस सम्मेलन का उद्देश्य सारे देश से आए हुए न्यायधीशें को जिला स्तर पर न्याय प्रणाली के सामने खड़ी आम राष्ट्रीय चुनौतियों पर अपना ज्ञान तथा अनुभव बॅाटने के लिए एक फोरम प्रदान करना तथा समयबद्ध न्याय को बढ़ावा देने के लिए न्यायालयों के सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा करना था।

संगोष्ठी के तीन दिनों के दौरान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा तैयार किया गया ''न्यायालय उत्कृष्टता का राष्ट्रीय ढांचा'' (एन.एफ.सी.ई.) प्रारूप चर्चा का मुख्य विषय था। यह कहा गया कि समय पर तथा उत्तरदायी न्याय के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रभावशील न्यायालय प्रबंधन तथा प्रकरण भार और प्रकरण प्रबंधन मुख्य है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समयबद्ध न्याय को बढ़ावा देना तथा इन प्रस्तावों और विचारों को लागू करने के लिए प्रत्येक न्यायालय द्वारा उठाए जा सकने वाले विशेष कदमों की पहचान करना था। पूरे देश से छब्बीस न्यायधीशों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम निम्नलिखित विषयों के आसपास संरचित थाः (1). समस्या को परिभाषित करना; (2). समाधान विकसित करनाः न्याय की उत्कृष्टता का राष्ट्रीय ढांचा; (3). प्रत्येक न्यायालय के स्तर पर एन.एफ.सी.ई. लागू करना।

चर्चा में इस बात पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा विकसित न्यायालय प्रबंधन, प्रकरण प्रबधन तथा प्रकरण भार के प्रबंधन का दृष्टिकोण उसकी समय पर न्याय दिलाने की योजना तथा प्रबंधन का हिस्सा था।

पी–376: वाणिज्यिक तथा आर्थिक विधि में हाल के घटनाक्रमों पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि; (10–12 दिसम्बर, 2010)

भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक होने के कारण वाणिज्यिक तथा आर्थिक विधि और इनसे

संबद्ध विवादों में बड़े पैमाने में विस्तार हुआ हैं। इन विवादों के साथ प्रभावी तथा शीघ्रता से निपटने की अधीनस्थ न्यायालयों की क्षमता इस देश की एक प्रमुख नीतिगत चिंता हैं। ऐसे विवादों के कई वर्गो का रूख अधिकरणों की तरफ हो गया है तथा इसके फलस्वरूप अधीनस्थ न्यायालयों की सिविल अधिकारिता का संकुचन हो गया है। अधीकरणीकरण अत्यंत ही समस्यात्मक रहा है तथा समयबद्धता या क्षमता के रूप में पर्याप्त लाभों के बिना न्याय निर्णयन के पारंपरिक रक्षोपायों से मुकदमेबाजों को वंचित किया है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि अधीनस्थ न्यायालयों की उन क्षेत्रों के आर्थिक तथा वाणिज्यिक मामलों से निपटने की क्षमता जहॉ पर अभी भी उनकी अधिकारिता कायम है में वृद्धि होनी चाहिए जिससे नागरिक अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकेंगें।

इस संगोष्ठी में ऐसे नए घटनाक्रमों से उत्पन्न होने वाली चुनौतियॉ तथा आर्थिक एवं वाणिज्यिक विधि में ऐसे घटनाक्रमों के उचित मूल्याकंन पर ध्यान केंद्रित किया गया। आर्थिक तथा वाणिज्यिक विवादों में शामिल समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग न्याय पाने में ठोस बाधाओं का सामना करते है तथा यह न्यायपालिका के लिए प्रमुख चिन्ता का विषय है। वैकल्पिक विवाद समाधान, वाणिज्यिक अनुबंध मुकदमें, वित्तीय मुकदमें, जिनमें शामिल है धन विषयक वाद/पराक्रम्य लिखत/ऋण वसूली तथा दिवालियापन, आर्थिक तथा वाणिज्यिक लेन देने मे सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों का सरंक्षण जिसमें समाविष्ट है भूमि अधिग्रहण, विस्थापन तथा पुनर्वास एवं बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का प्रवर्तन जैसे विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा सकारात्मक रूप से बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की गई। इस संगोष्ठि ने ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए रणनीति अपनाने के लिए एक फोरम प्रदान किया तथा इस प्रकार से आर्थिक एवं वाणिज्यिक मामलों के न्याय निर्णयन में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका को सुदृढ़ बनाया।

3 बी) देश के सामने खड़ी प्रमुख सामाजिक चुनौतियों से मुकाबला करने में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि

ये कार्यक्रम देश के सामने खड़ी हुई प्रमुख सामाजिक चुनौतियों के लिए न्यायालयों की जवाबदेही की गुणवत्ता का विश्लेषण करने तथा उसे सुदृढ़ करने के लिए उद्देशित थे। वे प्रमुख सामाजिक चुनौतियॉ जिन्हें इन पॉचों कार्यक्रमों में शामिल किया गया है वे है समानता और सामाजिक न्याय; शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही तथा भ्रष्टाचार का निवारण; नागरिक अधिकारों का संरक्षण ; गरीबी, सामाजिक बहिष्कार तथा आर्थिक विकास में वृद्धि। इस कार्यक्रम प्रकार का मुख्य प्रभाव न्यायपालिका तथा सामाजिक न्याय के लिए आंदोलन कर रहे जन कार्यकर्ताओं के लिए मिलन बिंदु की तरह कार्य करना तथा इन दोनों समूहों के सामने खड़ी चुनौतियों तथा समस्याओं पर बहुमूल्य अंतदृष्टि प्रदान करना था।

पी–340: समानता तथा सामाजिक न्याय जैसे संवैधानिक लक्ष्यों को हासिल करने पर अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि : न्यायालयों का योगदान, (6–8 अगस्त,2010)

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय न्यायापालिका के संवैधानिक लक्ष्यों के तौर पर समानता तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर न्यायाधीशों की सहनशीलता में वृद्धि करना तथा विस्तार से यह आकलन करना कि पिछले तीन दशकों में भारत के अधीनस्थ न्यायालयों ने उच्चतम न्यायालय के इस आदेश को किस हद तक पूरा किया; तथा ऐसे विशिष्ट कार्यो का विकास करना जोकि ऐसे न्यायालयों द्वारा अपनी प्रभावशीलता में वृद्धि करने के लिए विचार में लाए जा सकते है उस भूमिका का निर्वहन करने के लिए जिसकी उच्चतम न्यायालय ने उनके लिए पहचान की है। इस संबंध में अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर चर्चा की गई तथा ऐसा करने में देश के सामने खड़ी सामाजिक बदलाव की सबसे प्रमुख चुनौतियॉ तथा इन क्षेत्रों में अधीनस्थ न्यायालयों की शक्तियॉ तथा उत्तरदायित्वों पर न्यायाधीशों के लिए विपुलता से प्रकाश डाला गया। गरीबी का मुकाबला करने तथा सामाजिक न्याय के उद्देश्यों को हासिल करने में न्यायालयों की भूमिका पर प्रस्तुति दी गई। विधि, गरीबी एवं सामाजिक न्याय तथा न्यायलयों की भूमिका को समझना जैसे मुद्दों पर संवादात्मक सत्र में उन पक्षपातों पर प्रकाश डाला जो निर्णयों को प्रभावित कर सकते है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनयम को लागू करने मे आने वाली बाधाऍ तथा हाथ से मैला उठाने की परम्परा का उन्मूलन करने में न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता की समीक्षा की गई। प्रतिभागी न्यायाधीशों के साथ प्रतिरूपण अभ्यासों के द्वारा विधिक सहायता तथा सजा के संबंध में दांडिक विधि तथा गरीबों के विभिन्न पहलू बाहर निकल कर आए।

पी–347 : शासन में परदर्शिता तथा जबाबदेही और भ्रष्टाचार निवारण के सशक्तिकरण पर अधिनस्थ न्यायालय के न्यायधीशों हेतु राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठि अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका (3–5 सितम्बर, 2010)

इस संगोष्ठि का मुख्य उद्देश्य वर्तमान बाध्याताओं के अंतर्गत, राज्य की पारदर्शिता व जबाबदेही बढ़ाने एवं भ्रष्टाचार घटाने में न्यायालयों की भूमिका को और प्रभावी बनाने के अनुभव बांटना तथा उपायों पर विचार विमर्श करना था।

सूचना के अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई. अधिनियम) के सूक्ष्म विवेचन के दृष्टिगत शासन में पारदर्शिता व जबाबदेही कि प्राप्ति पर विचार विमर्श किया गया। पारदर्शिता, जबाबदेही तथा उपभोक्ता मैत्री के विषयों पर एक वृहद चर्चा द्वारा आधुनिक न्यायालय के मूल लक्ष्यों पर बल दिया गया, प्रसगिक सूचना को चित्रित करती हुई एक प्रतिरूपण जिसे वादियों के लाभ हेतु प्रकाशित किया जा सकता है। प्रतिभागियों द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी प्रकरणों के न्याय निर्णयन में सामने आने वाली चुनौतियों के अनुभव बांटे गए और प्रस्तुतियॉ दी गई, साथ ही इस संबंध में परामर्श भी प्रस्तुत किए गए। कार्यपालिक एजेन्सियों, जो कि भ्रष्टाचार विरोधी प्रकरणों के न्याय निर्णयन में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, कि जबाबदेही की बढ़ती हुई आवश्यकता एवं भ्रष्टाचार विरोधी प्रकरणों के अन्वेषण के विषय पर प्रस्तुति दी गई।

पी–390: नागरिक अधिकारों की सुरक्षा : अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक गोष्ठी (4–6 फरवरी,2011)

अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य एक संवैधानिक लोकतंत्र में नागरिक अधिकारों के विचार की प्रांसगिकता तथा इसके आधारभूत सिद्धात का समावेशन करना था। आतंक विरोधी विधियों की उत्पत्ती और प्रकृति की व्याख्या के साथ–साथ पच्चीस प्रतिभागियों को देश के विभिन्न भागों में घुसपैठ के खतरे के प्रति सचेत किया गया। न्यायालयों के दिन–प्रतिदिन अपराधिक न्याय प्रशासन में न्यायिक अधिकारों के विषय के साथ तारतम्य में बनाने के उद्देश्य से न्यायधीशों के साथ किया गया प्रतिरूपण अभ्यास सुग्रहित किया गया।

पी–395 : निर्धनता एवम सामाजिक बहिस्कार तथा समाज कल्याण कार्यक्रमों : अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर राष्ट्रीय न्यायिक (18–20 फरवरी, 2011)

गोष्ठी का लक्ष्य निर्धनता और सामाजिक अपवर्जन लघुकरण कार्यक्रमों के संबंध में अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका का पुनिरीक्षण और मूल्यांकन करने हेतु संपूर्ण देश से सर्वोत्तम प्रथा तथा अनुभवों को बांटना और सामाजिक न्याय की खोज में न्यायालय की भूमिका को सशक्त करने हेतु प्रभावी रणनीति विकसित करना था। गोष्ठी न्यायालय द्वारा सामाजिक परिवर्तन प्राप्ति के मूल विषय पर केन्द्रित थी, इसके साथ ही सामाजिक अपवर्जन, अपराधिक न्यायतंत्र के साथ निर्धन लोगों के अनुभव सामाजिक अनुक्रमम के विषय तथा अधिकार हीन समूहों के अनुभवों पर भी चर्चा की गई सामाजिक परिवर्तन में न्यायालयों की सृजनात्मक भूमिका के संबंध में न्यायिक अंतरदृष्टी प्रदान की गई।

पी–398 : आर्थिक विकास बढ़ाने में : न्यायालयों की भूमिका पर अधिनस्थ न्यायलय के न्यायाधीशों हेतु राष्ट्रीय न्यायिक गोष्ठी (4–6 मार्च, 2011)

इस गोष्ठी का उद्देश्य आर्थिक विकास में न्यायालयों की भूमिका को विश्लेषित करना, आधारभूत विषयों और चुनौतियों की पहचान करना तथा संविधान में दर्शित आर्थिक विकास में न्यायालयों की भूमिका को सशक्त करने हेतु रणनीतियॉ सुनिश्चित करना था।

आधारभूत चुनौतियों की पहचान के उपरांत समूहों ने अपनी चर्चाओं में आर्थिक मामलों के न्याय व वाणिज्यिक विवादों के न्याय निर्णयन में वर्तमान मुद्दों और उभरती चुनौतियों के परिपेक्ष में भूमिका पर प्रतिवेदन दिया गया। यहॉ, आर्थिक जगत में उपभोक्ताओं तथा समाज के दीवानी न्यायालयों की सीमांत वर्ग के श्रमिक अधिकारों पर केन्द्रित दोनो पहलुओं से चित्रांकन करने का प्रयास करना था।

आर्थिक तथा वाणिज्यिक मामलों में वैकल्पिक विवाद समाधान धारा 89 का लागू किया जाना तथा हाल के घटना क्रम/ विकास क्रम पुरीक्षित किये गये। संविदा, न्यास, साम्य एवं विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिननियम तथा वाणिज्यिक विधि (उधार क्रय/बंधक/गिरवी/ प्रत्याभूति/उपनिधान) में विकास पर चर्चाए हुई। इसके अलावा बौद्धिक संपत्ति अधिकार, वित्तीय विधि (धनीय वाद/परक्राम्य लिखित/ऋण वसूली/दीवाला/उधार व बैंक प्रतिभूति बिल) में विकास पर भी विचार विमर्श हुआ। अंतिम सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने आर्थिक मामले निपटाने तथा कुछ दक्षताएँ जो ऐसे मामले निपटाते समय विचार में ली जा सकती है, के अपने अनुभव बॉटे।

3.सी) न्याय निर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम

न्याय निर्णयन कार्यक्रम विशेष क्षेत्रों में न्यायनिर्णयन में विभिन्न जानकारियों कौशल आवश्यकताओं को आच्छादित करते हुए, निर्णय प्रबंधन की गुणवत्ता को सशक्त करने हेतु लक्षित है।

कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रत्येक मुख्य प्रकार के न्यायनिर्णयन को सामाजिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय वे प्रकरण प्रबंधन विधियां, मौलिक व प्रक्रियात्मक विधि, न्यायिक व निर्णयन कौशल तथा गुणवत्ता मूल्याकंन व समबंद्धता जैसे पहलू समावेशित थे।

कार्यक्रमों की इस श्रंखला में सत्र न्यायालय के न्यायाधीश गण सम्मलित हुए। हत्या; बालको; क्षेम, सुरक्षा व लोकशांति, जटिल आर्थिक प्रकरण, एम.ए.सी.टी. मामले, सामूहिक अपराध व अपकृत्य, पारिवारिक विवाद, महिलाओं पर अत्याचार, दुर्व्यापार व लैंगिक अपराध, सामाजिक सुधार, संवैधानिक अधिकार तथा नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा संबंधी

प्रकरण, दीवानी विवाद, उपभोक्ता विवाद, रिट याचिकाएँ, श्रमिक व औद्योगिक विवाद, तथा पर्यावरणीय विवाद जैसे मामलों हेतु न्याय निर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम (ए.एम.पी.) संचालित किए गए। औसतन 25–30 न्यायाधीश प्रत्येक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में, बहुसंख्यक प्रतिभागियों द्वारा यह महसूस किया गया कि चार दिवसीय न्याय निर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम(ए.एम.पी.) में उनके समक्ष नियमित तौर पर उपस्थित होने वाले मामलों के न्यायनिर्णयन में समाहित जटिलताओं के प्रति उनकी समझ को सरल बनाया है।

पी–336: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : किशोर न्याय संबंधी मामलों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (30 जुलाई 2 अगस्त, 2010)

किशोर न्याय संबंधी मामलों में सर्वोत्तम न्यायनिर्णयन प्रबंधन पर चार दिवसीय कार्यशाला संचाालित की गई। किशोर न्यायतंत्र की दो विशेष शाखाओं, अर्थात, ऐसे बालक जिन्हें सुरक्षा व देखरेख की आवश्यकता है तथा विधि विरूद्ध कार्यों में संघर्षरत किशोंरों पर कार्यशाला के दौरान पृथक–पृथक विवेचन किया गया। विधि विरूद्ध कार्यों में सलग्न बालकों के पुनर्वास के विषय में प्रतिभागियों के समक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। बाल पीड़ितों को साक्ष्य अभिलेखन तथा इस विषय पर नवीनतम निर्णयों को संदर्भित करते हुए विस्तृत रूप से विकसित की गई है।

पी–342: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : घरेलू हिंसा संबंधी मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (13–17 अगस्त, 2010)

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के विरूद्ध घरेलू हिंसा वालें मामलों के न्यायिक प्रबंधन की गुणवत्ता की विभिन्न जानकारियों तथा कौशल आवश्यकताओं को आच्छादित करते हुए, सशक्त करना था। यह कार्यक्रम घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 (पी.डब्ल्यू.डी.वी.ए.) तथा घरेलू हिंसा से संबंधित अन्य विधियों के प्रारम्भिक अनुभवों व उच्चतम व उच्च न्यायालयों द्वारा विधि के विकास में योगदान देने वाले प्रमुख निर्णयों पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, महिलाओं के विरूद्ध घरेलू हिंसा की सामाजिक व मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय व प्रकरण प्रबंधन विधियॉं, मौलिक व प्रक्रियात्मक विधि, न्यायनिर्णय करने संबंधी कौशल तथा गुणवत्ता व समयबद्धता के मूल्याकंन, जैसे पहलू समावेशित थे। महिलाओं के विरूद्ध घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों के न्याय निर्णयन में आधारभूत विषयों तथा चुनौतियों की पहचान एवं उन पर चर्चा से यह निष्कर्षित हुआ की ऐसे मामलों के अन्वेषण, अभियोजन तथा

विचारण का संचालन करते समय सभी प्रमुख भागीदार आवश्यक संवेदना प्रकट नहीं करते है।

पॉच दिवसीय विभिन्न सत्रों के दौरान – घरेलू हिंसा के दौरान महिलाओं के सुरक्षा अधिकार व न्याय तक पहुॅच सुनिश्चित करना; पी.डब्ल्यू.डी.वी.ए. में अंर्तनिहित संवैधानिक व मानवधिकार आदर्शों, पी.डब्ल्यू.डी.वी.ए. के अंतर्गत मामलों में तथ्य व विधि का विवेचन के साथ मुख्य विधिकव प्रक्रियात्मक प्रश्न, न्यायनिर्णयन व आदेश पारित करने की रीति, घरेलू हिंसा हेतु उपचार, घरेलू हिंसा वाले प्रकरणों में न्यायनिर्णयन, की प्रभावकारिता व गुणवत्ता पी.डब्ल्यू.डी.वी.ए. मामलों के अन्वेषण व प्रतिवेदन हेतु उपबंधों का निर्वचन घरेलू हिंसा के सामाजिक विधिक पहलू तथा लैंगिक सृजन, ''सर्वोत्तम रीतियों/प्रथाओं'' की पहचान व प्रश्नों पर समीक्षा – अभिकरणों के अनुश्रवण व मूल्याकंन पूरा सहयोग तथा घरेलू हिंसा वालें मामलों के वादोत्तर पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम द्वारा महिलाओं के विरूद्ध घरेलू हिंसा संबंधी मामलों में कार्यवाही के दौरान न्यायाधीशों की भूमिका व उत्तरदायित्व के संदर्भ में संवेदनशीलता का मूल्य वर्धन किया गया। समाज सेवा की दृष्टि से एक अच्छे न्यायाधीश के रूप में विकसित होने का सैद्धांतिक आधार कार्यक्रम के द्वारा चिन्हाकिंत किया गया था, की विवेचना की गई।

पी–356: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : पारिवारिक विवादों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (1–4 अक्टूबर, 2010)

कार्यक्रम का उद्देश्य पारिवारिक विवाद संबंधी मामलों के न्यायिक प्रबंधन की गुणवत्ता को विभिन्न जानकारियों वे कौशल आवश्यकताओं की व्याख्या करते हुए सशक्त बनाया गया। यह कार्यक्रम कुटुंब न्यायालयों में न्यायनिर्णयन तथा ऐसे न्यायनिर्णयन द्वारा सामाजिक परिवर्तन के उपकरण के रूप में भूमिका के राष्ट्रीय अनुभव पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पारिवारिक विवादों की सामाजिक व मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय एवं प्रकरण प्रबंधन विधियॉ, मौलिक व प्रक्रियात्मक विधि, न्याय व निर्णयन कौशल तथा गुणवत्ता व समसबद्धता संबंधी विभिन्न पहलू समावेशित थे।

चार दिवसीय विभिन्न सत्रों द्वारा पारिवारिक विवादों के न्याय निर्णयन में आधारभूत प्रश्न व समस्याए, कुटुंब न्यायालयों में न्यायनिर्णयन प्रक्रिया जिसके द्वारा संवैधानिक अधिकारों की रक्षा में इन न्यायालयों की भूमिका की पहचान व राष्ट्रीयकरण भी हुआ तथा कुटुंब न्यायालयों द्वारा अनुसरित वैकल्पिक विवाद समाधान तकनीकों की पहचान व चर्चा की गई। इसके अलावा विभिन्न कार्यकलापों व प्रयोगो की सहायता से एक व्यापक विश्लेषण भी किया गया। पारिवारिक विवादों के लैंगिक परिप्रेक्ष्य पर एक प्रस्तुति भी दी गई। कुटुंब न्यायालयों के न्यायालयीन व प्रकरण प्रंबधन से संवैधानिक मूल्यों से समझौते किए बिना प्रभावी समाधान व उपायों पर पुनर्विलोक किया गया। इस कार्यक्रम द्वारा पारिवारिक विवादों में कार्यवाही के दौरान न्यायधीशों की भूमिका व उत्तरदायित्व के संदर्भ में मूल्य वर्धन किया गया। प्रतिभागियों ने

पारिवारिक विवादों में संवैधानिक अधिकारों की रक्षा में न्यायालयों की महत्वपूर्ण जबावदेही तथा प्रभावी प्रंबधन के विषय को स्वीकरा, जोकि परिवार में महिलाओं की स्वतंत्रता, समानता व गरिमा को प्रोत्साहित कर सकते हैं। इस बात पर सम्मति थी कि समयानुसार मामलों को व्यवस्थित करनें में लंबित मामलों का विश्लेषण, उनके महत्व के क्रम में सुनवाई हेतु उनकी प्राथमिकता, लक्ष्य निर्धारण व उनकी प्राप्ति के प्रयास, सहायक हो सकते हैं। प्रतिभागियों ने विचार व्यक्त किया की इस कार्यक्रम ने उन्हें पारिवारिक विवादों की समस्या को सामाजिक, आर्थिक तथा संवैधानिक दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्रदान किया, साथ ही उन्हें महिला अधिकारों की रक्षा में उपयुक्त न्यायिक विधियों व प्रबंधन तकनीकों के अनुप्रयोग द्वारा उनकी भूमिका तथा संवैधानिक आदर्शों को प्रोत्साहित करते हुए पारिवारिक विवादों के समाधान में उनकी भूमिका समझाने में मदद की।

पी–358: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : महिलाओं के विरूद्ध अत्याचार संबंधी मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (8–11 अक्टूबर, 2010)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के विरूद्ध अत्याचार संबंधी मामलों के न्यायिक प्रबंधन की गुणवत्ता को विभिन्न जानकारियों व कौशल आवश्यकताओं की व्याख्या करते हुए सशक्त बनाना था। महिलाओं के विरूद्ध अत्याचारों की सामाजिक व मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि संबंधित न्यायालय व प्रकरण प्रबंधन रीतियॉं, मौलिक व प्रक्रियात्मक विधि, न्याय व निर्णयन कौशल तथा गुणवत्ता व समयबद्धता संबंधी पहलू इस कार्यक्रम में समाविष्ट थे। संकेद्रण मुख्य रूप से क्रूरता, घरेलू हिंसा, दहेज संबंधी अपराधों, कन्या भ्रूण हत्या व शिशु हत्या पर था। प्रतिभागी न्यायाधीशों ने महिलाओं के विरूद्ध अत्याचारों संबंधी मामलों के न्यायनिर्णयन में आधारभूत प्रश्नों व चुनौतियों की पहचान तथा उन पर चर्चा की। इनके अनुसार, ऐसे मामलों के अन्वेषण, अभियोजन तथा विचारण का संचालन करते समय सभी मुख्य भागीदार आवश्यक संवेदनशीलता प्रकट नहीं करते हैं। धारा 498–ए भा.द.सं. के अंतर्गत, क्रूरता संबधी आधारभूत विधिक व प्रक्रियात्मक प्रश्न तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पी.डब्लू.डी.वी.ए.) के अंतर्गत मामलों, तथ्य व विधि के विवेचन सहित घरेलू हिसा विधि पर विचार विमर्श हुआ। दहेज लेना जो कि मुख्य रूप से 304–बी भा.द.सं. के अंतर्गत एक अपराध है, पर व्यापक चर्चा हुई। कन्या भ्रूण व शिशु हत्या संबंधी मामलों की सूचना (रिर्पोटिंग) व अन्वेषण भी विवेचित किए गए। इस कार्यक्रम द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अत्याचारों संबंधी मामलों में हत्या संबंधी मामलों में कार्यवाही के दौरान न्यायाधीशों की भूमिका व उत्तरदायित्व के संदर्भ में संवेदनशीलता का मूल्यवर्धन किया गया। कार्यशाला भा.द.सं. की धारा–498–ए व 304–बी तथा घरेरू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 का उद्देश्य अवश्य ही पूर्ण किया जाना चाहिए।

पी–363: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : बड़ी मात्रा में मुकदमों में न्यायनिर्णयन – एम.ए.सी.टी. मामले व पराक्रम्य लिखत अधि. की धारा 138 के अंतर्गत मामलों पर रा.न्या.कार्यशाला(22–25 अक्टूबर,2010)

इस न्यायनिर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम का उद्देश्य दो प्रकार के वादों की उत्पत्ति का विश्लेषण करना था। उदाहरण स्वरूप – एन.आई.ए. की धारा 138 के अधीन मामलों में बैंकों द्वारा किए गए कमजोर (ऋणनिर्णय) ; संबंधित संस्थाओं की नीतिगत प्रतिक्रिया; न्याय के समंध में इस मामलों के आने की रीति; इनके अन्वेषण, अभियोजन व प्रतिरक्षा की रीति (पुलिस, बार आदि की भूमिका) ; इन मामलों के न्यायनिर्णयन में उद्भूत प्रश्न तथा वह रीति जिससे वे समबद्ध तरीके से प्रभावीरूप से निपटाए जा सकें। सर्वोत्तम व्यवहारिक अनुभव बॉटे गए तथा वर्तमान कार्यप्रणाली को सुधारने हेतु अवसरों को चिन्हित किया गया। यह बात विशेष रूप से उठाई गई कि देश के अधिकाशं उच्च न्यायालयों द्वारा इस प्रकार में वृहदमात्रा में वादों '' निपटने हेतु– ऐसे मामलों को समिति नवीन न्यायालयों के सृजन, प्रकणन प्रबंधन व प्रकरण भार के नए सिद्धांतों का विकास, मामलों का समूहीकरण, न्यायधीशों व अधिवक्ताओं का विशिष्ट प्रशिक्षण , आई.टी. व अन्य साधनों के प्रयोग जैसे प्रर्वतनकारी साधन आंरभ किए गए है। प्रतिभागियों ने उपर्युक्त दो प्रकार के वादों के निपटारे में विभिन्न अवरोधों पर भी चर्चा की। ''सड़क हादसे ; बीमा कवरेज'' विषय पर बीमा कंपनी के परिप्रेक्ष्य में एक प्रस्तुति दी गई तथा चर्चा की गई।

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एम.ए.सी.टी. प्रकरणों के त्वरित निपटारे में अवरोधों से छुटकारा पाने हेतु उठाए गए कदमों व अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ बॉटा गया। यह दर्शित किया गया कि कैसे न्यायाधीशों की अग्रसक्रियता द्वारा पुलिस से दुर्घटना सूचना प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करवाया गया। आदेशिकाओं की तामील तथा उनसे संबंधित जानकारी इकट्ठी करने हेतु पुलिस की अतितीव्रता से संचाालित किया जा सकता है जिससे एम.ए.सी.टी प्रकरण शीघ्रता से निपटाया जा सकें।

एम.ए.सी.टी. प्रकरणों के निपटारें संबंधी विशिष्ट प्रश्नों पर चर्चा द्वारा न्यायोचित क्षतिपूर्ति, बीमाकर्ता की जबावदेही, सदांय व वसूली आदेश आदि के सिद्धांतों पर, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के इस विषय पर अनेकों निर्णयों को संदर्भित करते हुए, जोर दिया गया, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा – 138 के अंतर्गत मामलों के निर्णय हेतु प्रासंगिक संदर्भ में बंबई उच्च न्यायालय के अनुभव पर भी चर्चा की गई। अवरोधों की पहचान के उपरांत, बंबई उच्च न्यायालय द्वारा अपनाए गए उपचारात्मक उपायों को भी प्रतिभागियों के साथ बॉटा गया। वृहदमात्रा में वादों के प्रभावी प्रबंधन के विषय पर विचार विमर्श किया गया तथा एम.ए.सी.टी. मामलों व प.लि.अ. की धारा–138 के अंतर्गत प्रकरणों के प्रबंधन की रणनीतियॉ भी विवेचित की गई।

पी–379: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : सत्र प्रकरणों व विशेष विधियों के अंतर्गत प्रकरणों के न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (17–20 दिसम्बर, 2010)

इस न्यायनिर्णयन प्रबंधन कार्यक्रम (ए.एम.पी.) का उद्देश्य यह विश्लेषित करना था कि कैसे सत्र प्रकरण व विशेष विधियों के तहत जटिल मामलें, भारतीय न्यायालयों द्वारा गुणवत्ता, कुशलता व समबद्धता के उच्चतम् मानकों को बनाए रखने हेतु न्यायनिर्णीत किए जा रहे हैं। विलंवित हो सकने वाले मामलों के न्यायनिर्णयन को समयानुसार प्रभावी तरीके से पूर्ण करने के तरीके व साधन इस कार्यशाला में समान्वेषित किए गए। राज्यो में हुए सर्वोत्तम व्यवहारिक अनुभवों को बॉटा गया तथा आगे कार्यवाही हेतु विशिष्ट उपायों को चिन्हित किया गया।

ऋतु विचारण व विधिक सहायता के बहुत से पहलूओं को चर्चाओं के माध्यम से ध्यान में लाया गया। नागरिक स्वतंत्रताओं के साथ साक्ष्य–विवेचन, अपराध शास्त्रीय विधियॉ तथा पुलिस अभिरक्षा में संस्वीकृतियों जैसे कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे इन तीन दिनों में समाविष्ट थे। आंतकवाद तथा विद्रोही गतिविधियों के सामाजिक – राजनैतिक संदर्भ पर प्रस्तुति चर्चा के दौरान मानवधिकारों के पहलू को सामने लाई। संस्वीकृति के तत्व को स्पर्श करते हुए, निर्वाचित साक्ष्य की ग्राह्तया, निजता के अधिकार व लोकहित के मुद्दे तथा विद्रोही गतिविधियों के मुद्दों पर चर्चाओं में प्रकाश डाला गया। आंतकवाद व विद्रोही गतिविधियों वाले मामलों को निपटाते समय कार्यपालिका संस्थाओं की स्वेच्छाचारिता तथा न्यायधीश कैसे इस स्वेच्छाचारिता के क्षेत्र को सीमित कर सकते है; की व्याख्या प्रतिभागियों हेतु की गई। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम पर चर्चा करते समय, मुख्य केद्रविंदु इस अधिनियम के कमजोर कार्यान्वयन तथा इस अधिनियम के अधीन मामलों को निपटाते समय कैसे सामाजिक पूर्वाग्रहों को घटाया जा सकता है, जैसे मुद्दे थे। इसे अत्याचार अधिनियम को जोड़ते हुए, दलितों द्वारा उनके जीवन के विभिन्न स्तरों पर सामना किए जाने वाले अत्याचारों की प्रस्तुति दी गई। अत्याचार अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को एक प्रस्तुति द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। अत्याचारों की कुछ घटनाऍ भी प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

पी 381: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : पर्यावरण सुरक्षा संबंधी मामलों में न्यायनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (7– 10 जनवरी, 2011)

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण व लोकहित सुरक्षा में न्यायालयों की भूमिका, हरित न्यायधिकरणों की स्थापना तथा पर्यावरण संबंधी मामलों में अधीनस्थ न्यायालयों की बदलती भूमिका पर विचार करना था। विभिन्न सत्रों के

दौरान चर्चित प्रमुख बिंदु थे, न्यायिक अधिकारियों के बीच पर्यावरणीय विधि के बारे में जागरूकता एक आवश्यकता है; दीवानी न्यायालय द्वारा निर्णय में देरी भी चिंता का एक कारण है और इसी लिए लोग ऐसे मामलों में न्यायालय के समक्ष नहीं आ रहे है। मामलों का शीघ्र निपटारा नहीं होता है; भोपाल गैस–त्रासदी के दो भीषण परिणाम थे– गैस रिसाव व पर्यावरणीय आपदा में न्यायिक आपदा की तरफ भी अग्रसर किया है; जल तथा वायु प्रदूषण – नियमित व नियंत्रित आर्थिक विकास की आवश्यकता तथा न्यायापालिका द्वारा निभाई भूमिका पर भी चर्चा हुई। जल प्रदूषण हेतु छत्तीसगढ़ के तथा शहरी वायु प्रदूषण हेतु नयी दिल्ली के अध्ययनित मामले (केस स्टडी) लिए गए। आदिवासी तथा सामुदाइक अधिकारों सुरक्षा, वन भूमियों, वन्य जीव तथा पारिस्थितिक तंत्र सुरक्षा में न्यायालय की भूमिका पर भी मनन किया गया। इसके विपरीत भूमि अधिग्रहण, विस्थापन तथा पुनर्स्थापना के मामले में अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका से दर्शाई गई; भारत में उभरता हुआ पर्यावरणीय विधि शास्त्र ; पर्यावरणीय निर्णयन, लोक सुनवाई, खुलासा व जबावदेही तथा न्यायालयों की भूमिका पर्यावरण की रक्षा में विधिक सेवा प्रधिकारियों की भूमिका भी पुनर्विलोकित की गई। यह भी बताया गया कि हरित न्यायालयों की स्थापना के बाद भी अधिनस्थ न्यायालय निम्नलिखित रूप से पर्यावरणीय मामलों में क्षेत्राधिकार का प्रयोग कर सकते है लोक उपताप के मामले जिला न्यायालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं (प्रतिनिधि वाद के रूप में) ; पर्यावरणीय बैंचों के अंतर्गत अपराधियों का आपराधिक अभियोजन हमेशा ही अपराधों हेतु किया जा सकता है।

पी–384: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : भ्रष्टाचार संबंधी मामलों के न्याय निर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (14 – 17 जनवरी, 2011)

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार विरोधी मामले निपटाने वाले न्यायालयों में पीठासीन न्यायाधीशों को वर्तमान परिसीमाओं के अंतर्गत, ऐसे मामलों के समयबद्ध निपटारा तथा उनमें दोषी पाए गए व्यक्तियों हेतु प्रभावि जबावदेही का आश्वासन सुनिश्चित करने के ज्ञान व देश में अनुभव को बांटने हेतु मंच उपलब्ध कराना था। इसने इस संदर्भ में अग्रसक्रीय निर्णयन में सर्वोत्तम व्यवहारिक अनुभवों को बांटने के मौकों को भी उपलब्ध कराया। ''भ्रष्टाचार के सामाजिक व राजनैतिक संदर्भ को स्पष्ट करते हुए यह दर्शाया गया कि कैसे सामाजिक मूलमंत्र भ्रष्टाचार के खतरे से समीपतः सहयुयक्त है। तंत्रात्मक परिवर्तन भ्रष्टाचार के अवसरों के कमी ला सकता है।

भ्रष्टाचार विरोधी मामलों में अन्वेषणर की चुनौतियों के साथ ही ऐसे मामले के समयबद्ध न्याय निर्णयन में अभियोजन की चुनौतियो की व्याख्या करते हुए यह स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार विरोधी मामलों में, अभियोजन को उचित महत्व नहीं दिया जाता है; जो कि विलंबित तथा अनर्जित दोष मुक्ति में परिणित होता है। चार दिनों के दौरान, भ्रष्टाचार विरोधी मामलों के न्यायनिर्णयन का संपूर्ण जीवन चक्र अन्वेषण की उत्पत्ति से लेकर अभियोजन, न्याय निर्णयन तथा

न्यायिक विवेचन पर विचार किया गया। चर्चा का केद्र बिन्दु मुख्य रूप से विधि तथा अभियोजन की तकनीकी बारीकियों में जाने की बजाय व्यवस्था में परिवर्तन लाने के प्रयास पर था।

पी–391 : न्यायनिर्णयन प्रबंधन : दण्डाधिकारियों के न्यायालयों में मामलों को न्याय निर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला. (4–7 फरवरी, 2011)

इस चार दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य मजिस्ट्रेट न्यायालयों के प्रकरणों में अधिकारों की रक्षा में अधिनस्थ न्यायालयों की भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में विचारण के विभिन्न स्तरों पर पक्षकारों के अधिकारों की सुरक्षा में दण्डाधिकारियों की सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। इन दिनों में चर्चा द्वारा अन्वेषण व अभियोजन के दौरान अधिकारों की सुरक्षा पर केन्द्रित चर्चाऍं की गई। कार्यक्रम में विचारण के दौरान मजिस्ट्रेट के कर्तव्यों तथा आधारभूत प्रश्नों व चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।

पी–399: न्यायनिर्णयन प्रबंधन : अधिनस्थ न्यायालयों में वाणिज्यिक व आर्थिक मामलों के न्याय निर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (4–7 मार्च,2011)

